भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 63 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
05 सितंबर 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं



आज का मौसम
29 अधिकतम
24 न्यूनतम



फाइल

एअर इंडिया एक्सप्रेस

## दिल्ली-इंदौर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

### बाएं इंजन में आई खराबी एयरपोर्ट पर किए इंतजार, 161 यात्री सवार थे

**इंदौर, एजेंसी**

दिल्ली से इंदौर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की आज सुबह इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में कुल 161 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, उड़ान संख्या आईएक्स-1104 के इंजन में खराबी के चलते सुबह 09.54 बजे आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इमरजेंसी लैंडिंग की खबर जब विमान में बैठे यात्रियों को लगी तो हड़कंप मच गया। एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे उनके परिजन भी घबरा गए।

जानकारी के अनुसार, एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1104) सुबह 6.40 बजे दिल्ली से रवाना होकर 8.15 बजे इंदौर पहुंचती है। लेकिन सुबह दिल्ली से 8.28 बजे रवाना हुई।

### इंजीनियरिंग टीम कर रही विमान की जांच

पायलट ने सूझबूझ के साथ विमान को 9.51 बजे सुरक्षित लैंड करवाया। विमान फिलहाल रनवे-02 पर खड़ा है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि इंजीनियरिंग टीम विमान की जांच कर रही है। सुधार कार्य जारी है।

फ्लाइट जब इंदौर पहुंच रही थी तभी इसके बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने तुरंत इसकी जानकारी इंदौर एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा करते हुए अलर्ट जारी किया। इस पर फ्लाइट को लैंड करने के लिए रनवे के आसपास रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सहित सभी संबंधित टीमें तैनात कर दी गई।

### शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में सीएम ने दी नए वेतनमान की सौगात, कहा -

# छात्रों की मदद तो कर सकता है एआई लेकिन शिक्षकों से ही मिलेंगे संस्कार

**01** लाख 50 हजार शिक्षकों को अगले सत्र से क्रमोन्नत वेतनमान मिलेगा

**117** करोड़ रुपए का भार सरकारी खजाने पर आएगा

**55** लाख छात्रों के बैंक खातों में यूनिफार्म के लिए 330 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में आज प्रदेश के सरकारी स्कूलों के एक लाख 50 हजार शिक्षकों को अगले सत्र से चौथा क्रमोन्नत वेतनमान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज छात्रों के पास भले ही गाइडेंस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मौजूद है लेकिन यह शिक्षकों का स्थान नहीं ले सकता। हमारी सदियों की परंपरा है जिसमे संस्कार शिक्षक ही देते आये हैं और आगे भी वही देंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा एक से 8 तक के 55 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में यूनिफार्म के लिए 330 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की।

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों कि लम्बे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए सरकार ने चौथा वेतनमान स्वीकृत करने का फैसला किया है। इससे 117 करोड़ रूपए का भर सरकारी खजाने पर आएगा, लेकिन सरकार इसे उठाने को तैयार है। शिक्षकों और एआई तकनीक की बात करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि मशीन संस्कार नहीं दे सकती। वह हमारे शिक्षक ही देते हैं। उन्होंने त्रेता और द्वापर युग का उल्लेख करते हुए श्रीराम व श्रीकृष्ण के गुरुओं और उनकी शिक्षा का जिक्र किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। दुश्मन से रक्षा के लिए हमारे वैज्ञानिकों ने आधुनिक सुदर्शन चक्र विकसित कर सेना को सौंपा है। इस अवसर पर राजयपाल मंगुभाई पटेल ने भी सम्बोधित किया। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकोंशासकीय माध्यमिक शाला लिधौरा, ब्लॉक बटियागढ़, दमोह के माधव प्रसाद पटेल और शासकीय हाई स्कूल, मंदसौर की शिक्षक सुनीता गोधा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन मंत्री कुवर विजय शाह भी उपस्थित थे।



### सम्मानित होने वाले शिक्षक

शासकीय प्राथमिक शाला बिसोनिया, गुना के जितेन्द्र शर्मा, शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-2, शाजापुर के दिलीप जायसवाल, ई.पी.ई.एस., भाटीवाड़ा, सिवनी के दिलीप कटरे, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, बसिया, दमोह के श्रीकांत कुर्मी, शा. उ.मा.वि., रुस्तमपुर, खण्डवा की माध्यमिक शिक्षक श्रद्धा गुप्ता, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सतौआ, दमोह के मोहन सिंह गौंड, शासकीय माध्यमिक शाला, चंदेसरा, उज्जैन के अपूर्व शर्मा और शासकीय माध्यमिक शाला, उबालाद, अलीराजपुर के उच्च श्रेणी शिक्षक धनराज वाणी शामिल हैं। ये चयनित शिक्षक कक्षा-1 से 8 की कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

## राहुल गांधी के समर्थन में आए शशि थरूर

### वोट चोरी के आरोप को बताया गंभीर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

काफी समय बाद केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी के समर्थन में नजर आए। शशि थरूर ने शुक्रवार को 'वोट चोरी' के राहुल गांधी के आरोपों का समर्थन किया। राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत से 'बड़ी आपराधिक धोखाधड़ी' का आरोप लगाया था। पिछले कुछ महीनों से पार्टी आलाकमान से इतर नजरिया रखने वाले शशि थरूर ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन आरोपों की जांच होनी चाहिए। राहुल गांधी ने चुनाव में धांधली के ठोस सबूत पेश किए और भारतीय चुनाव आयोग पर बीजेपी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया। थरूर ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने और स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया। वहीं बीजेपी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस पर हार के कारण निराशा में ऐसा कहने का आरोप लगाया। शशि थरूर का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने कई बार पार्टी लाइन से हटकर बयान दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की थी।





हिसार-चंडीगढ़ एनएच-52 और दिल्ली-हिसार एनएच-9 पानी में डूबे हैं।

## भूकंप : अफगानिस्तान की धरती बारिश के बीच एक बार फिर कांपी

**काबूल, एजेंसी**

अफगानिस्तान में लगातार भूकंप की सीरिज चल रही है। यहां एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। काबुल से करीब 138 किलोमीटर की दूरी पर सुबह 4.6 की तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने मुताबिक भूकंप सुबह करीब 7.46 बजे आया। अफगानिस्तान में 4 सितंबर को 5.6 की तीव्रता का भूकंप आया था। इसके पहले 31 अगस्त को 6.0 तीव्रता भूकंप के बाद लोगों का जीवन पटरी पर लौट रहा था, लेकिन अब फिर दहशत फैल गई है।



### देवरिया में रील बनाते समय तीन की मौत

**देवरिया।** कसया ओवरब्रिज से उतरते समय बाइक सवार तीन युवकों ने अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी एक महिला को ठोकर मारी और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गए। जिससे बाइक सवार दो किशोर और एक महिला की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा बाइक सवार युवकों के सड़क पर रील बनाने की वजह से हुआ। मालवीय रोड की तरफ से बाइक सवार तीन युवक तेजी से रील बनाते हुए बाइक से कसया रोड की तरफ जा रहे थे। तीनों रील बनाने के चक्कर में जैसे ही ओवरब्रिज से नीचे उतरे बगल से जा रही महिला को अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिए और ट्रक में घुस गए।

### जारी है आफत की बरसात

## नदियां ले रही रौद्र रूप, पश्चिमी मप्र में भारी बारिश का अलर्ट जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में भारी बारिश अब रोद्र रूप दिखाने लगी है। निचले इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर पुल भी बह गए हैं। पन्ना जिले में बिलखुरा बांध की नहर टूट जाने से कई गांव जलमग्न हो गए हैं, जिससे बिलखुरा और ठाकुरनपुरा गाँव में पानी भर गया। शिवपुरी में नदी उफान पर होने से निचली बस्तियों में पानी भर गया है। सिवनी के डांगवानी पुल पर थोड़ी सी बारिश से ही पानी-पानी हो गया। धार के चायड़ीपुरा गांव में नाला उफान पर है। इसके अलावा कई जिलों में भारी बारिश के कारण पुल और सड़कें बह जाने से लोगों का संपर्क कट गया है। वहीं सितंबर माह अपने प्रारंभिक दौर से ही भोपाल को भिंगो रहा है। रुक-रुककर हो रही बारिश से राजधानी का बड़ा तालाब अब छलकने की कगार पर है।

### हरियाणा में बाढ़ का कहर हाईवे पर बह रही नदियां

**नई दिल्ली।** यमुना, घग्गर, टांगरी व मारकंडा खतरे के निशान पर हैं। खतरे के निशान से ऊपर बह रही नदियां व उनका बहाव ग्रामीण इलाकों के बाद अब शहरों में कहर बरपा रहा है। दिल्ली में हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। हरियाणा के छह नेशनल हाईवे पर नदियों का पानी बह रहा है। हिसार के वीरवार में जलभराव के कारण पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बह गया।

**तीन राज्यों में 27 हजार करोड़ का नुकसान** : वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ के कारण पहाड़ से लेकर मैदान तक बड़ा नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर सिर्फ जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 27,190 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है।

**मेट्रो एंकर** | कंज्यूमर गुड्स पर जीएसटी कटौती का फैसला इसी माह होना है लागू

## नवरात्रि से होगी बंपर बिक्री की शुरुआत अभी से प्रोडक्शन बढ़ाने लगी कंपनियां

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कंज्यूमर गुड्स पर जीएसटी कटौती फैसला इसी महीने 22 तारीख से लागू हो रहा है। इसी समय नवरात्र की शुरुआत हो रही है। तभी से त्योहारी मौसम के लिए खरीदारी भी शुरु हो जाएगी। उस समय बाजार में सप्लाई की कोई कमी नहीं हो, इसके लिए कार, दोपहिया वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली कंपनियां उत्पादन बढ़ा रही हैं। खबरों के मुताबिक कार, टू व्हीलर व इलेक्ट्रॉनिक गुड्स बनाने वाली कंपनियां इस समय करीब 25 फीसदी तक ज्यादा सामान बनाएंगी। उन्हें उम्मीद है कि त्रस्त्र में कटौती से इन चीजों की मांग बढ़ेगी। यह मांग इस साल क्रिसमस तक बनी रह सकती है।



**छोटी कार बनाने वाली कंपनियां ज्यादा खुश** : सरकार के जीएसटी कटौती के फैसले से छोटी कार बनाने वाली कंपनियां तो कुछ ज्यादा ही खुश हैं। उन्हें लगता है कि अगामी 22 सितंबर के बाद जो बढ़ी हुई मांग निकलेगी, वह लंबे समय तक बनी रहेगी। एक कार डीलर का तो कहना है कि अभी से ही जिस तरह से पूछताछ हो रही है, उन्हें लगता है कि नवरात्रे और दिवाली में तो लोग कार खरीदने के लिए शोरुम में उमड़ पड़ेंगे।

### टीवी बनाने वाली कंपनियां भी खुश

जिन कंपनियों के पास बड़े स्क्रीन वाले टीवी आदि का स्टॉक है, उन्हें सबसे ज्यादा फायदा होगा। क्योंकि इन वस्तुओं पर त्रस्त्र की दर सबसे ज्यादा घटी है। इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स बनाने वाली कंपनियों के अनुसार ये फायदा अगले 2-3 महीनों में होगा। उनका मन्ना है कि लोग 32 इंच से बड़े स्क्रीन वाले टीवी खरीदेंगे, क्योंकि दोनों की कीमतों में अंतर कम हो जाएगा। इसलिए, हम 43 इंच और उससे बड़े टीवी का उत्पादन 20त्न से ज्यादा बढ़ा रहे हैं।

### ऑटो कंपनियां भी बढ़ा रही हैं प्रोडक्शन

ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का मानना है कि सितंबर के अंत से कम से कम 4-6 हफ्तों तक यात्री वाहनों की बिक्री अच्छी रहेगी। उत्पादन निश्चित रूप से बढ़ेगा। छोटी वाली कंपनियों को फायदा होगा ,वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाएंगी। लगभग सभी ऑटो कंपनियां उत्पादन बढ़ा रही हैं। हालांकि, फैक्ट्रियों से सामान की डिलीवरी त्रस्त्र की नई दरें लागू होने तक रोकी जा सकती है। वहीं गोदरेज एप्लायंस के कमल नंदी का कहना है कि कंज्यूमर अप्लायेंस बेचने वाले कारोबारी ष्ट का स्टॉक अक्टूबर से ही करना शुरू कर सकते हैं। आमतौर पर ये कारोबारी दिसंबर से इसका स्टॉक करते हैं।

### आज का कार्टून



# सुबह बादल, फिर धूप-छांव, तापमान में बढ़ोतरी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। शुक्रवार को शहर में सुबह बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर से बादल छंटना शुरू हो गए। शाम तक बारिश भी नहीं हुई। इससे तापमान में डेढ़ डिग्री की बढ़ोतरी हुई । अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार का कहना है कि प्रदेश में सिस्टम बने हुए हैं। आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मानसून ट्रफ अब भी नर्मदापुरम, सिवनी होते हुए गुजर रही है। वहीं झमाझम बारिश के बाद बड़ा तालाब के जलस्तर में आधा फीट तक बढ़ोतरी हुई है। अब बड़ा तालाब छलकने को तैयार है। फुल टैंक लेवल से जलस्तर महज आधा फीट दूर है। ऐसे में भदभदा के गेट खुल सकते हैं। बड़ा तालाब का फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। गुरुवार को जलस्तर और आधा फीट बढ़कर 1666.20 फीट पर पहुंच गया।

### जीएसटी में हुए बदलाव को लेकर व्यापारियों में उत्साह

## त्योहारों से पहले स्टॉक बढ़ाने की तैयारी, बर्तन भी हो जाएंगे काफी सस्ते

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

जीएसटी परिषद की बैठक में 8 साल बाद जीएसटी में बड़े बदलाव हुआ है। यह बदलाव नवरात्र के पहले दिन 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। इससे टीवी, मोबाइल एलसीडी, एलईडी, वॉशिंग मशीन तक सब कुछ सस्ता हो जाएगा। इसे लेकर राजधानी भोपाल के व्यापारियों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। व्यापारियों का कहना है कि दीपावली से पहले सरकार के इस फैसले से खरीदी में काफी बढ़ोतरी की संभावना है। उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष दीपावली और दशहरा जैसे त्यौहार में उनको डबल मुनाफा मिलन सकता है।

भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रवक्ता अजय देवनानी ने कहा है कि जीएसटी काउंसिल ने यह रिफॉर्म्स किए हैं। उन्होंने कहा कि 0% और 40% का स्लैब बहुत कारगर साबित होगा। दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा धमाका किया है। हर चीज अब सस्ती होगी। चार महीना से बाजार सुस्त पड़ा था अब बाजार में रौनक लौट कर आएगी, ग्राहक घरों से बाहर निकलेंगे और सामान की खरीदारी करेंगे इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि आम लोगों की जरूरत की जीचे सस्ती होंगी। सरकार का यह फैंसला बहुत अच्छा है। बर्तन भी काफी सस्तें होंगे। इसमें अभी तक जहां 12 प्रतिशत टैक्स लग रहा था अब 5 प्रतिशत लगेगा। उन्होने बताया कि 5 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद से उन्होंने सामान की खरीदी नहीं की है। अब 22 सितंबर से खरीदी शुरू करेंगे।

## जवाहर नवोदय प्रवेश के लिए 23 तक होंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ भोपाल के प्राचार्य के अनुसार, कक्षा 9वीं के आवेदन 23 सितंबर तक और परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित होगी। वहीं कक्षा 11वीं के लिए आवेदन 23 सितंबर तक और परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित होगी।

### यातायात को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं प्रोजेक्ट, निर्माण की धीमी रफ्तार

## सालों से अधूरे निर्माण का बढ़ा बजट

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों के भोपाल में चल रहे कई प्रोजेक्ट अब भी अंतिम चरण तक नहीं पहुंच पाए हैं। ये परियोजनाएं यातायात को सुगम बनाने और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन 70 से 90 फीसदी काम पूरा होने के बावजूद उन्हें अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है।

मेट्रो रेल परियोजना

करोद सर्कल से एम्स तक की लाइन में सुभाष नगर तक का प्राथमिकता कॉरिडोर ही तैयार हुआ। इसमें भी कमर्शियल रन अक्टूबर 2025 से शुरू होना बताया जा रहा है, जबकि ब्लू लाइन जो भदभदा स्क्वायर से रत्नागिरी तिराहा तक है, इसकी लाइन के लिए सर्वे व पीयर्स का काम हो रहा है। दिसंबर 2019 में भूमिपूजन हुआ था। दिसंबर 2022 में प्रोजेक्ट पूरा होना था। अब 2030 तक की समय सीमा दी गई है। इसकी शुरुआती लागत 6,941.40 करोड़ रुपए थी जो अब बढ़कर करीब 11 हजार करोड़ रुपए पहुंच गई है। अनुभव की कमी वाली टीम के साथ मंजूरियों अतिक्रमण नहीं हट पाने व बजट की कमी को देरी की वजह बताया जा रहा है।



### संतनगर का एलिवेटेड कॉरिडोर

- शहर का सबसे लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर संतनगर में लाऊखेडी पंप हाउस से सीहोर नाका तक तीन किमी लंबाई में बनाया जा रहा है। दिल्ली की कंपनी को 306 करोड़ रुपए में काम दिया, लेकिन ये बेहद धीमी गति से चल रहा है।
- जुलाई 2023 में इसके लिए मंजूरी मिली। अगस्त 2026 तक काम पूरा होना था, लेकिन अब तक 50 फीसदी काम भी नहीं हुआ। 30 माह में काम पूरा होने की समय सीमा भी पूरी हो गई।
- कॉरिडोर की डिजाइन और टेस्टिंग में दस माह की देरी कर दी, जिससे प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पाया। टीटी नगर का एरिया-बेस्ड डेवलपमेंट वहीं अधिकारियों का कहना है कि शहरी ट्रैफिक के लिए प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण है। संबंधित विभागों से प्रशासन लगातार बैठकें कर रहा है। जमीन से लेकर बजट तक की दिक्कतों पर बात कर रहे हैं।

### राजधानी के ये प्रोजेक्ट भी अटके

- 3000 करोड़ रुपए का अयोध्या बायपास प्रोजेक्ट रत्नागिरी तिराहा से आशाराम तिराहा तक 16 किमी लंबाई में दस लेन होना है, लेकिन 8000 पेड़ प्रोजेक्ट में है। काम ही शुरू नहीं हो पा रहा है।
- 3000 करोड़ रुपए से वीआइपी रोड आठ लेन प्रोजेक्ट मंजूर है, लेकिन वेटलैंड से जुड़ी मंजूरियां नहीं मिलने से डिजाइन ही तय नहीं
- जबलपुर से सीधे इंदौर की ओर भारी वाहनों को निकालने पश्चिमी बायपास का करीब 3000 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पाया। वनभूमि और भू स्वामियों व पर्यावरणविदों के विरोध से डिजाइन बदलना पड़ी।
- मनीषा मार्केट से चूनाभट्टी काली मंदिर तक केबल ब्रिज को मंजूरी मिल चुकी है। 40 करोड़ का बजट तय, लेकिन काम ही नहीं शुरू किया। शाहपुरा तालाब से केंद्रीय मंजूरियों के साथ स्थानीय मंजूरियों में उलझा प्रोजेक्ट।

## विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अनंदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सिंधु माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरात तरीके से हुई, छात्रों ने कक्षाओं का संचालन किया। नव युवक सभा के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने कहा कि शिक्षकों में हमेशा सीखने का भाव होना चाहिए, तभी वे विद्यार्थियों को कुछ नया दे पाएंगे। सभा के संरक्षक विष्णु गेहानी ने शिक्षकों को राष्ट्र का निर्माता बताते हुए कहा कि वे किसी भी व्यक्ति के जीवन को बदल सकते हैं। साधु वासवानी कॉलेज के अध्यक्ष दयालदास डेटानी ने कहा कि डॉक्टर और इंजीनियर जैसे पेशेवर शिक्षकों की वजह से ही बनते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों और 'एक दिन के शिक्षक' बने छात्रों को उपहार भी दिए।

**सेवा और शिक्षा का संदेश :** सभा के संयुक्त सचिव दिनेश वाधवानी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे हर साल अपने शिक्षकों के घर शिक्षक दिवस मनाने जाते हैं, क्योंकि वे आज जो कुछ भी हैं, वह अपने शिक्षकों की बदौलत हैं। सचिव सुरेश



राजपाल ने 21 सितंबर को होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर सचिव सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी, शिक्षा समिति सदस्य पुरुषोत्तम टिलवानी, अनंदराम टी. शाहानी कन्या उ. मा. विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान, प्रधानाचार्या प्रिया धर्मदासानी और शिक्षक परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## शिक्षक बच्चों को शिक्षित के साथ-साथ संस्कारवान बनाएं

**भोपाल।** रोज मेरी, विद्या भारती और यूके कॉन्वेंट ग्रुप ने शिक्षक दिवस मनाया। संचालक देवेंद्रर सिंह ने ग्रुप के सभी 16 विद्यालयों के शिक्षक और अन्य कर्मचारियों को एक निश्चित उपहार देकर सम्मानित किया। यह आयोजन पं. खुशीलाल कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली स्टाफ मौजूद रहा। संचालक देवेंद्रर सिंह ने कहा कि जितनी ज्यादा फैक्ल्टी संतोषजनक महसूस करेगी, उतने ज्यादा बच्चे अच्छे पढ़ेंगे। इसलिए ग्रुप ने तय किया है कि शिक्षकों को कोई संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे। उन्हें एक निश्चित समय पर उनका हक मिले, यह प्रयास हमारा रहता है। मैं किसी को शिक्षक नहीं मानता, मैं तो सभी को अपने परिवार का सदस्य मानता हूं। इसलिए जहां भी आपको कोई कमी महसूस हो या कोई गड़बड़ी करता है, तो उसे सचेत स्वयं करें। यह उनका दायित्व होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह है कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाएं, तभी वे अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। शिक्षा के मामले में टीचर कोई समझौता नहीं करें।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज, शानो शौकत के साथ निकलेगा जुलूस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर मनाया जाने वाला पर्व 1500 वा जश्ने ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। धर्मावलंबियों ने सबसे बड़े पर्व को लेकर शहर में तमाम तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली है। इस साल भी शहर में जुलूस ए मोहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा। शहर की तमाम मस्जिदों, मदरसों सहित अन्य इबादतगाहो को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इसके अलावा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के विभिन्न चौक चौराहों और मार्गों में विशेष



लाइटिंग लगाकर आकर्षक रोशनी लगाई गई है। जगह-जगह आकर्षक पंडाल, इस्लामी बैनर, पोस्टर और हरे रंग के झंडे व तोरन से इलाकों को सजाया गया है।

**मेट्रो एंकर**


### संत हिरदाराम साहिब की 119वीं अवतरण, कुटिया में 19 से 21 सितंबर तक होंगे आयोजन

## जयंती 'सेवा दिवस' के रूप में मनाई जाएगी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम जी साहिब की 119वीं अवतरण जयंती, 21 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर, भोपाल के गांधीनगर में सेवा सदन सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। यह अत्याधुनिक अस्पताल 5.0 एकड़ में फैला है और प्रतिवर्ष 30,000 से अधिक नेत्र सर्जरी करने में सक्षम है, जिससे यह मध्य भारत का एक प्रमुख नेत्र चिकित्सा केंद्र बन जाएगा। जीव सेवा संस्थान ने संतजी के अवतरण दिवस पर संतजी के पांच जीवन-संदेशों– सेवा, सुमिरन, स्वास्थ्य, शिक्षा और शांति– का प्रतीक माने जाने वाले 5 दीपक हर घर, दुकान और प्रतिष्ठान में जलाए जाएंगे। यह आह्वान संतजी के प्रति आस्था रखने वाले हर नागरिक से किया गया है।

### विभिन्न शहरों में होंगे विशेष आयोजन



- सेवा दिवस पर कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे
- पवित्र कुटिया साहिब में 19 से 21 सितंबर तक सिरी सुखमनी संपट पाठ साहिब का आयोजन होगा।
- प्रेरणादायक सेवा रैली निकाली जाएगी।
- 50,000 से अधिक लोगों के लिए आम भंडारा आयोजित किया जाएगा, साथ ही अनाथालयों और वृद्धाश्रमों में भोजन और फलों का वितरण होगा।
- सेवा सदन आई हॉस्पिटल में 120 नि:शुल्क नेत्र सर्जरी की जाएंगी।
- देशभर के कई शहरों, जैसे मुंबई, अहमदाबाद, राजकोट, अजमेर, जयपुर और लखनऊ में भी सेवा गतिविधियां चलाई जाएंगी।
- उल्हासनगर में पूरे सितंबर महीने नि:शुल्क डायलिसिस और मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके अलावा रक्तदान शिविर, नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप, डेंटल चेक-अप शिविर और केयर इंफिनिटी हॉस्पिटल में डॉ. केशव बुधवानी द्वारा मुफ्त सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। यह सेवा दिवस समाज में करुणा और सद्भाव का संदेश फैलाने का एक सार्थक प्रयास है।



**संत हिरदारामजी का जीवन एक आध्यात्मिक और सेवा-समर्पित :** संत हिरदाराम जी का जन्म 21 सितंबर 1906 को सिंध में हुआ था। बाल्यावस्था से ही वे आध्यात्मिकता और सेवा के प्रति समर्पित थे। विभाजन के बाद वे भोपाल आए और इसे अपनी सेवा का केंद्र बनाया। उन्होंने प्रेम, भाईचारे और सामाजिक उत्थान का संदेश दिया, और उनके आशीर्वाद से शुरू हुए सेवा कार्य आज भी जारी हैं। इस नगरी को अब एक तीर्थ स्थान के रूप में जाना जाता है।

## सिंधी साहित्य और संगीत पर तीन दिवसीय कार्यशाला

**हिरदाराम नगर।** सिंधी साहित्य अकादमी-मध्य प्रदेश द्वारा सिंधी साहित्य और संगीत पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। 1 से 3 सितंबर तक लालघाटी स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यशाला में, प्रदेश भर से 26 युवा गायक व गायिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में प्रख्यात सिंधी साहित्यकार राजेश आसूदानी (नागपुर), कवि और गायक नारी लच्छवानी (भोपाल), और संगीतकार दिलीप लालवानी (भोपाल) ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। इन युवाओं ने



साहित्यिक रचनाओं और लोकगीतों को मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की कला सीखी। इसके साथ ही, उन्होंने साहित्य और संगीत के बीच के गहरे संबंध को भी समझा। युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए वरिष्ठ साहित्यकार बलू चोइथानी, नंद सनमुखानी, भगवान बाबाणी, कनयो शेवानी, गायक नरेश गिदवानी, और कलाकार मोहित शेवानी व राकेश शेवानी भी उपस्थित थे। अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी ने बताया कि इस कार्यशाला में जिन युवाओं ने भूली-बिसरी सिंधी रचनाओं को संगीतमय रूप देना सीखा है।

# अब चलेगा मोहन सरकार का बुलडोजर, चिन्हित हुईं जगह

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार का बुलडोजर अब जल्द ही चलता नजर आएगा, जहां कहीं भी अतिक्रमण और अवैध कब्जे होंगे, इन्हें जमींदोज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसके लिए अतिक्रमण स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है।**

सबसे पहले शुरुआत में राजधानी भोपाल के कोकता में पशुपालन विभाग की जमीन पर मछली परिवार की दो कॉलोनियों के गेट, एप्रोच रोड, पार्क को तोड़ा जाएगा। मछली परिवार की कस्तूरी कोटयार्ड कॉलोनी का गेट और पार्क तोड़ा जाएगा। यहां द ग्रीन स्केप मेशन शादी हॉल/रिसॉर्ट बीपीएस स्कूल को तोड़ने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि पशुपालन विभाग के आवेदन पर किए सीमांकन के अनुसार खसरा संख्या 43 व 44 पर मछली परिवार का अतिक्रमण मिला है।



### यहां मिले अतिक्रमण, इन पर चलेगा बुलडोजर

निगम की 50 दुकानें और एक एसटीपी प्लांट, एचपी पेट्रोल पंप।
निर्माणाधीन कस्तूरी कोट्यार्ड कॉलोनी का गेट और पार्क।
डायमंड सिटी कॉलोनी का पहुंच मार्ग और 20 मकान।
द ग्रीन स्केप मेंशन शादी हॉल और बीपीएस स्कूल।
राजधानी परिसरका पहुंच मार्ग।
फर्सी पत्थर की दुकान और कोकता मुख्य बायपास मार्ग।
2.00 एकड़ भूमि पर कृषि कार्य और शंकराचार्य फार्म का मार्ग।
3 एकड़ भूमि पर कृषि कार्य।
1.00 एकड़ भूमि पर खेती, फार्महाउस और पक्का निर्माण।
खसरा 50/21 पर लगभग 50 डेसीमल भूमि पर खेती।
खसरा 49/19 पर लगभग 40 डेसीमल भूमि पर खेती।
खसरा 79/3/2 पर मकान और 40 डेसीमल जमीन पर खेती हो रही है। इन अतिक्रमणों पर जल्द ही बुलडोजर चला नजर आएगा।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास नहीं करने पर बढ़ जाएगी टेंशन

# खतरे में पड़ सकती है मप्र के डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों की नौकरी, एससी के फैसले से बढ़ी टेंशन

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले से प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ सकती है। ये वे शिक्षक हैं, जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण नहीं किया है। अगर तय समय के भीतर इन्होंने पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं किया तो इन्हें बर्खास्त किया जाएगा। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में करीब साढ़े चार लाख शिक्षक पदस्थ हैं, जिनके पास डीएलएड, बीएड की डिग्री है। 2005 के बाद से शिक्षकों की भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए टीईटी शुरू किया गया था। ऐसे में बाद के अधिकतर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर आए हैं।

2005 से पहले सीधी भर्ती से नौकरी में आए डेढ़ लाख से कुछ अधिक शिक्षकों ने अलग से पात्रता परीक्षा नहीं दी है। ऐसे शिक्षकों का कहना है कि तत्कालीन विभागीय नियमों के आधार पर भर्ती हुई थी। अगर कोई बिना टेस्ट नौकरी कर रहा है तो इसके लिए विभाग जिम्मेदार है। इधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा कराने का फैसला शासन स्तर पर होगा। वहां से फैसला हुआ तो नियमित टीईटी परीक्षा में शिक्षकों को शामिल किया जाएगा, जो सफल होंगे उन्हें नियमित किया जाएगा। शिक्षा का



अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2011 में लागू हुआ। इसके बाद से शिक्षक बनने के लिए टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया गया है।

पात्रता के लिए दो साल का मौका

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना शिक्षक बनने के इच्छुक उम्मीदवारों के साथ-साथ पदोन्नति की इच्छा रखने वाले सेवारत उम्मीदवारों के लिए भी अनिवार्य है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले हुई थी और जिनकी सेवा अवधि अभी पांच वर्ष से अधिक शेष है, उन्हें टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए दो वर्ष का समय दिया जाएगा।

### जिलेवार आंकड़े जुटा रहा है विभाग

प्रदेश में 1998 से 2005 तक नगरीय निकाय और पंचायतों के माध्यम से करीब एक लाख पदों पर शिक्षक भर्ती हुए थे। वहीं करीब 50 हजार पदों पर इससे पहले सीधी भर्ती की गई थी। अब विभाग इन शिक्षकों के जिलेवार आंकड़े जुटा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अब शिक्षकों की पदोन्नति भी वरिष्ठता के आधार पर नहीं, बल्कि परीक्षा के माध्यम से की जाएगी। यह भी बता दें कि पांच साल पहले 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम परिणाम देने वाले शिक्षकों की एक परीक्षा हुई थी। उसमें करीब 1300 शिक्षक फेल हो गए थे। मप्र शिक्षक संगठन के अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में 2005 के बाद जो शिक्षक कार्यरत हैं, उनकी नियुक्ति विभाग के नियमों के तहत हुई है। विभाग ने टीईटी परीक्षा कराकर शिक्षकों की नियुक्ति की थी। इससे पहले हुई सीधी भर्ती से शिक्षक बने लोग बाहर हो सकते हैं। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय संचालक केके द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती पहले से पात्रता परीक्षा के आधार पर हो रही है। ऐसे में बिना टेस्ट वाले शिक्षकों की संख्या कम है। अभी संख्या निकाली जा रही है। शासन स्तर से इस पर निर्णय होगा।




# बदरूप होता टकराव

पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जो कुछ हुआ वह सदन की गरिमा और मर्यादा को तार-तार करने वाला है। TMC और BJP के बीच की तल्खी विशेष सत्र के आखिरी दिन सतह पर आ गई। दोनों दलों में तगड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और मतभेद हैं। सदन का इस्तेमाल इस पर सार्थक वाद-विवाद व चर्चा के लिए किया जा सकता था।

**चर्चा के बजाय हंगामा:** सीएम ममता बनर्जी और उनकी पार्टी TMC का आरोप है कि BJP शासित राज्यों में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सदन में इसी पर चर्चा होनी थी, लेकिन जब विपक्षी विधायकों ने वेल में पहुंच कर हंगामा किया तो स्पीकर ने BJP के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया। उनको बाहर निकालने के लिए मार्शल बुलाने पड़े। इस दौरान वह बेहोश हो गए।

**बांग्ला भाषियों का मुद्दा:** प्रवासी बांग्ला भाषियों का मुद्दा ममता बनर्जी और उनकी पार्टी TMC के लिए बेहद संवेदनशील है। वह इसे बांग्ला अस्मिता व पहचान से जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। कुछ अरसा पहले उन्होंने यहां तक कह दिया था कि दूसरे राज्यों में गए बंगाल के लोग लौट आएं, सरकार उनका ख्याल रखेगी। तीन दिन पहले जब कोलकाता में लगे तृणमूल कांग्रेस के अस्थायी मंच को सेना ने हटा दिया था, तब भी काफी बवेला मचा था। तब सेना की तरफ से बताया गया था कि पार्टी ने परमिशन खत्म होने के बाद भी मंच नहीं हटाया था, इसलिए उसे कार्रवाई करनी पड़ी।

**गवर्नर से विरोध-** पश्चिम बंगाल एक लंबे अरसे से केंद्र और राज्य के बीच टकराव का मैदान बना हुआ है। राज्यपाल के अनधिकृत दखल से लेकर SIR तक - विवाद के कई बिंदु हैं। पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी और जगदीप धनखड़ व मौजूदा गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे। केशरीनाथ ने जाते-जाते ममता पर तुष्टिकरण का आरोप लगा दिया था, तो धनखड़ ने कहा था कि बंगाल में लोकतांत्रिक हालात सही नहीं हैं। वहीं, ममता का आरोप है कि राजभवन के जरिये केंद्र उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है।

**सीमाओं का ध्यान-** विपक्ष शासित किसी और सूबे की तुलना में बंगाल में केंद्र-राज्य संघर्ष ज्यादा आक्रामक है। इसकी वजह है वहां की सियासत। पिछले विधानसभा चुनाव में BJP पहली बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी। तब से वह अपना स्पेस लगातार बढ़ाने की कोशिश में है, जबकि TMC के सामने चुनौती है अपनी जगह बचाए रखने की। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। चुनावी तारीख नजदीक आने के साथ टकराव और गहरा होगा। लेकिन, इसमें दोनों पक्षों को राजनीतिक मर्यादा और सीमाओं का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

## सुविचार

*'ज़िंदगी का सफर मानो तो मौज है वरना समस्या तो रोज है।'*
**-अज्ञात**

## निशाना

### आज फिसल जाएं तो..!



**घनश्याम मैथिल 'अमृत'**

हर तरफ फिसलन है
जरा सम्हाल के हुजूर
कहीं फिसल रहे हैं पहाड़
तो कहीं फिसल रही है नदी
आखिर कहां जा रही है सदी,
किसी की फिसल रही जुबान
किसी के फिसल रहे हैं पैर,
इस फिसलन में
कोई न अपना न कोई गैर,
फिसल रहे लोग देखकर
दूसरे की दौलत और शोहरत
जाती नहीं आखिर
यह आदमी की आदत,
फिसलने के लिए
गिरना है जरूरी,
यह फिसलन है
गिरे हुए लोगों के बिना है
अधूरी।

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

# समाज के प्रकाश स्तम्भ होते हैं शिक्षक

**■ रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। इसीलिए प्रतिवर्ष शिक्षक को सम्मान देने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है। हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में 6 मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में 5 अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन भारत में शिक्षक दिवस को दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को मनाया जाता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है।

हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक ही उसे शिक्षित करता ही है और अच्छे-बुरे का ज्ञान कराता है। पहले के समय में छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षो विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है- गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त



करता है। हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया है:-गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।

कबीर दास जी कहते हैं कि शिक्षक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्वारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीनता के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। गुरू-शिष्य को एक-दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पायेगा।

लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।

## आज का इतिहास

- 1666 इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये और आठ लोगों की मौत हुई।
- 1697 ग्रैंड एलायंस का युद्ध: एक फ्रांसीसी युद्धपोत ने कनाडा के वर्तमान कारखाने मैनिटोबा में हडसन की बे कंपनी के व्यापारिक पद पर कब्जा कर लिया।
- 1750 पेडरबर्न प्रशिया में जारी डिक्री चोरी या संदिग्ध माल के लिए सभी यहूदी घरों की वार्षिक खोज की अनुमति दिया।
- 1774 फिलाडेल्फिया में पहली महाद्वीपीय कांग्रेस एकजुट हुई।
- 1774 असहिष्णुता अधिनियमों को लागू करने वाली ब्रिटिश संसद के जवाब में, ब्रिटेन के उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में से बारह के प्रतिनिधियों ने कारपिलर्स हॉल इनफिलडेल्फिया में पहली महाद्वीपीय कांग्रेस की स्थापना की।
- 1781 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-फ्रांसीसी नौसैनिक बलों ने चेसापीक की लड़ाई में ब्रिटेन को बड़ी रणनीतिक हार सौंपी।
- 1793 फ्रेंच रिवोल्यूशन-द नेशनल कन्वेंशन ने देश के भीतर कथित दुश्मनों के व्यवस्थित दमन और बड़े पैमाने पर हत्याकांड के जन-दमन के दस महीने की अवधि के शासनकाल की शुरुआत की।
- 1816 लुई XVIII ने चैंबर पाया (नायाब चैंबर) को भंग करने की कोशिश की।

# भारत का अंतरिक्ष भविष्य: 2035 तक अपना स्टेशन और गगनयान मिशन

**■ डॉ. जितेंद्र सिंह**

एक समय था जब हम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में केवल अनुयायी माने जाते थे, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। भारत न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि वैश्विक साझेदारियों में समान भागीदार बन चुका है। आने वाले वर्षों में गगनयान मिशन और 2035 तक प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, हमारी अंतरिक्ष यात्रा को नई दिशा और नया आयाम देने वाले हैं।

देखा जाए तो यह गगनयान मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। जब हमारे अंतरिक्ष यात्री सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रेविटी) की परिस्थितियों में प्रयोग करेंगे, तो उसका



लाभ पृथ्वी पर भी पहुँचेगा। चाहे वह कृषि हो, जीवन विज्ञान हो या चिकित्सा क्षेत्र, इन प्रयोगों से हमें ऐसे नए निष्कर्ष मिलेंगे जो करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बना सकते हैं। हाल के समय में मायोजेनेसिस जैसे प्रयोगों ने भी यह सिद्ध किया है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल आकाश तक सीमित नहीं, बल्कि धरती पर मानव स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी अहम है। मांसपेशियों के क्षय और पुनर्जनन पर किए गए अध्ययन मधुमेह, कैंसर और फ्रैक्चर जैसी समस्याओं से जूझ रहे रोगियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

**भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन- 2035 का लक्ष्य:** भारत ने 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। हमारा यह लक्?य सिर्फ तकनीकी प्रगति तक ही सीमित नहीं है, आज यह राष्ट्रीय संकल्प का भी परिचायक है। जब यह स्टेशन स्थापित होगा तो भारत वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में न केवल साझेदार होगा, बल्कि एक नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा। इस स्टेशन का महत्व केवल वैज्ञानिक प्रयोगों तक सीमित नहीं रहेगा। यह हमारे सामरिक हितों की सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र की मजबूती और वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को भी परिभाषित करेगा। प्रधानमंत्री ने ÷सुदर्शन सुरक्षा चक्र÷ की जिस परिकल्पना का उल्लेख किया है, उसमें अंतरिक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता:** अंतरिक्ष स्टेशन और मानव मिशनों के सफल संचालन के लिए हमें सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी तकनीकों में आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। आज दुनिया जान चुकी है कि सेमीकंडक्टर केवल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तक सीमित नहीं हैं। अंतरिक्ष मिशनों में उनकी भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसी तरह, एआई आधारित प्रणाली और ऊर्जा संसाधनों का बेहतर उपयोग लंबे समय तक चलने वाले अभियानों के लिए अनिवार्य होगा। यहां यह कहना सही होगा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन केवल धरती पर डिजिटल क्रांति को गति नहीं देगा, बल्कि यह अंतरिक्ष अभियानों को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इसी प्रकार, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर न केवल पृथ्वी पर ऊर्जा संकट का समाधान देंगे बल्कि भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भी ऊर्जा स्रोत बनेंगे।

**अंतरिक्ष प्रयोग- धरती के लिए लाभकारी:** यह एक भ्रम है कि अंतरिक्ष अनुसंधान केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा की तुष्टि के लिए होता है। वास्तविकता यह है कि अंतरिक्ष प्रयोगों के निष्कर्ष सीधे धरती पर मानव जीवन के लिए उपयोगी होते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क के प्रभाव का अध्ययन, माइक्रोग्रेविटी में पौधों की खेती, पुनर्योजी जीव विज्ञान के प्रयोग, ये सभी आज की दुनिया में बेहद प्रासंगिक हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोग्रेविटी में मेथी उगाने के प्रयोग न केवल अंतरिक्ष यात्रियों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, बल्कि यह कृषि अनुसंधान के लिए भी नई दिशा देंगे। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और खाद्य संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब ऐसे प्रयोगों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

**अंतरिक्ष का व्यावसायिक और आर्थिक आयाम:** भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र अब केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप्स इस क्षेत्र में सक्रिय हो चुके हैं। ये स्टार्टअप्स न केवल रॉकेट लॉन्च कर रहे हैं, बल्कि मैपिंग, स्मार्ट सिटी विकास, कृषि, टेलीमेडिसिन और उपग्रह संचार जैसे क्षेत्रों में भी नवाचार ला रहे हैं। सरकार ने हाल ही में 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड मंजूर किया है, जो इन स्टार्टअप्स को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मदद करेगा। अंतरिक्ष अब युवाओं के लिए आकर्षक करियर विकल्प बन चुका है। एक समय था जब एयरोस्पेस इंजीनियरिंग को केवल एक विशिष्ट शाखा माना जाता था, लेकिन आज यह आईआईटी जैसे संस्थानों में सबसे अधिक मांग वाला विषय बन चुका है।

**सुरक्षा और कूटनीति का नया युग:** भारत ने आने वाले पाँच वर्षों में 52 जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है। यह योजना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज युद्ध केवल जमीन और आसमान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरिक्ष भी उसका अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उपग्रहों से मिली जानकारी हमारी सामरिक तैयारी को मजबूत करती है और सीमा पर तैनात सैनिकों को वास्तविक समय में मदद पहुँचाती है। ऐसे में इन-स्पेस जैसी संस्थाएं यह सुनिश्चित करती हैं कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी के बावजूद सुरक्षा से कोई समझौता न हो। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर इस क्षेत्र को उदार बनाया गया है, लेकिन साथ ही कड़े विनियमन भी बनाए रखे गए हैं। यह संतुलन ही भारत को नवाचार और सुरक्षा दोनों मोर्चों पर सफल बनाता है।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रतिस्पर्धा:** यहां हम सभी के लिए यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज जब चीन अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित कर चुका है और अमेरिका-रूस दशकों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं, ऐसे समय में भारत का प्रवेश केवल वैज्ञानिक महत्व का नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक दृष्टि से भी निर्णायक है। गगनयान मिशन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन हमें अंतरराष्ट्रीय मानवयुक्त मिशनों में सहभागी बनाएंगे। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन का भी दौर शुरू होने वाला है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र व्यवहार्य होगा, भारत के पास डॉकिंग, सर्विसिंग और पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे का निर्यात करने का अवसर होगा। इससे न केवल हमारी तकनीकी विशेषज्ञता बढ़ेगी, बल्कि विदेशी मुद्रा अर्जन के नए रास्ते भी खुलेंगे।

**हमारा लक्ष्य स्पष्ट है:** भारत ने 2033 तक वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में आठ प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा है। फिलहाल हमारी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था लगभग आठ अरब डॉलर की है, लेकिन अगले दशक में इसके 40-45 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है। यह वृद्धि न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को नई गति देगी, बल्कि हमें विश्व मंच पर एक सशक्त खिलाड़ी भी बनाएगी। गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रमा पर मानव मिशन और निजी-सरकारी साझेदारी से उभरती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, ये सभी भारत को उस मुकाम तक ले जाएंगे जहाँ से वह विश्वगुरु बनने की दिशा में एक और निर्णायक कदम बढ़ा सकेगा।

भारत का अंतरिक्ष भविष्य केवल विज्ञान या तकनीक तक सीमित नहीं है। यह हमारे आत्मविश्वास, हमारी युवा शक्ति, हमारी महिला वैज्ञानिकों और हमारी सामूहिक आकांक्षा का प्रतिबिंब है। आज हम कह सकते हैं कि 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारत की सबसे बड़ी पहचान उसका अंतरिक्ष कार्यक्रम ही होगा। यही वह क्षेत्र है, जो हमें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व दिलाएगा।

- लेखक केंद्र सरकार में मंत्री हैं। **साभार**

# टहनी से लेकर पत्तियों तक उपयोगी नीम, शरीर को चमत्कारी फायदा

प्राचीन काल से ही गंभीर रोगों के उपचार के लिए विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियों का उपयोग करते आ रहे हैं। खेत, खलिहान और जंगलों में पाई जाने वाली ये औषधियां हमारे शरीर के लिए अत्यंत लाभदायक होती हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही औषधीय पौधे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी छाल से लेकर पत्तियां तक औषधीय गुणों से भरपूर होती है। हालांकि इसका नाम सुनते ही लोगों को कड़वाहट का अनुभव होता है, विशेषकर युवा पीढ़ी इसे बिल्कुल पसंद नहीं करती है। लेकिन बुजुर्ग इसकी दातुन का उपयोग करने के साथ ही सुबह खाली पेट इसकी पत्तियों का सेवन भी करते हैं।

हम बात कर रहे हैं नीम के पेड़ की छाल और पत्तियों के बारे में, जिनका स्वाद जितना कड़वा होता है, उतना ही गुणकारी भी होता है। यही कारण है कि भारतीय वेदों में नीम का नाम 'सर्व रोग निवारणी' रखा गया है, जिसका अर्थ सभी बीमारियों को रोकने वाला है। इसके अलावा नीम का पेड़ आस-पास होने से वातावरण भी शुद्ध रहता है। इस पेड़ की पत्तियां, टहनियां, छाल और बीज भी कई बीमारियों को दूर करने में दवा का काम करते है। आइए आयुष चिकित्सक से जानते हैं कि नीम की पत्तियां, बीज, छाल हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना फायदेमंद होता है।



आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव रखने वाली रायबरेली जिले के सीएचसी शिवगढ़ की आयुष चिकित्सक डॉ. आकांक्षा दीक्षित (एम.डी. आयुर्वेद नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद, जयपुर, राजस्थान) लोकल 18 से बात करते हुए बताती हैं कि नीम की पत्तियां, बीज, छाल हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद होते हैं।

## विटामिन सी का भी अच्छा स्रोत

नीम का स्वाद जितना कड़वा होता है, उतना ही गुणकारी होता है। यह एंटीबायोटिक तत्वों से भरपूर होता है और हमारी सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। नीम में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते है। इसके अलावा यह विटामिन सी का भी अच्छा स्रोत है। इसका उपयोग करने से हमारे शरीर का खून साफ रहता है और ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक रहता है।

## खाली पेट नीम की पत्तियों का सेवन

आगे की जानकारी देते हुए वह बताती है कि इसका नियमित सेवन करने से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नीम की पत्तियों का सेवन करने से हमारा पाचन तंत्र सही रहता है और इसकी छाल जख्म पर लगाने से वह जल्दी ठीक हो जाता है। खाली पेट नीम की पत्तियों का सेवन करने से डायबिटीज भी नियंत्रित रहता है।

### तैयारियां: विसर्जन की व्यवस्थाओं का कलेक्टर एसपी ने लिया जायजा...

# कृत्रिम कुंड में होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन व्यवस्थित और चौकस व्यवस्था सुनिश्चित करें

**मंगेश यादव, नर्मदापुरम**

शहर में अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन हर्बल पार्क में बने कृत्रिम कुंड में होगा। नगर पालिका विसर्जन के लिए कृत्रिम कुंड बनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना, एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने दल बल के साथ नर्मदापुरम में विसर्जन की व्यवस्था देखीं। इस दौरान उनके साथ सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, एसडीओपी जितेंद्र एस पाठक, डीएसपी संतोष मिश्रा, तहसीलदार और सीएमओ हेमेश्वरी पटले सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे

कलेक्टर मीना ने नर्मदापुरम में विसर्जन स्थल, प्रतिमा लेकर आने वाली गाड़ियों का रूट और गाड़ियां के पार्किंग की व्यवस्था का जायजा लिया। विसर्जन स्थल पहुंचने वाले रूट में बदलाव किया गया है। गाड़ियां फॉरेस्ट ऑफिस के सामने के बजाय कलेक्ट्रेट गेट से प्रवेश करेगी।गणेश विसर्जन पूर्व सभी विसर्जन स्थलों को तैयार किया जाए। कुंड पर होमगार्ड बल एवं प्रशिक्षित गोताखोर तैनात किए जाएं। नपा अमला एवं संबंधित जनपद पंचायत विसर्जन स्थल तक करें सुचारू एवं अवरोध रहित मार्ग सुनिश्चित करनें के लिए करें। इस दौरान नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने विसर्जन पूर्व नगर में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे कृत्रिम विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर तैयारियो का अवलोकन किया। सीईओ जनपद पंचायत माखन नगर को निर्देशित किया कि आगामी एक दिवस में कृत्रिम विसर्जन कुंड बनाने की तैयारी पूरी कर ली जाए।






### नदी तालाब में प्रतिबंध...

कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कोर्ट और एनजीटी के आदेश पर नदी, तालाबों में प्रतिमा विसर्जित करने पर प्रतिबंध है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जिलेभर में अलग अलग कृत्रिम कुंड बनाएं जा रहे है। प्रतिमाओं को इन्हीं कृत्रिम कुंड में विसर्जित करने की लोगों से अपील है।

### प्रतिमा कलेक्शन सेंटर बनेंगे

नगर पालिका सीएमओ हेमेश्वरी पटले ने बताया शहर में 5 प्रतिमा कलेक्शन सेंटर भी बनेंगे। इसके अलावा ड्रम भी रखे जाएंगे। जहां लोग अपनी प्रतिमा सेंटर पर रख रखते है। इन गणेश प्रतिमाओं को सम्मान कृत्रिम कुंड में विसर्जित किया जाएगा। कृत्रिम कुंड बनाने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीन से काम कराया जा रहा है।

## उल्लंघन पर स्कूल संचालकों पर केस दर्ज

**गंजबासौदा।** कलेक्टर के द्वारा सभी विद्यालय महाविद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया था कि छात्रों को लाने ले जाने वाले वाहन चालकों, क्लीनरों एवं अन्य सहायक स्टाफ का थाना स्तर पर चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। लेकिन स्कूल संचालकों ने कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन किया और वाहन चालकों का सत्यापन नहीं कराया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना बासौदा शहर और थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा दो विद्यालय संचालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किए गए हैं। जिसमें थाना बासौदा शहर सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल संचालक प्रधानाचार्य एंथनी जोन द्वारा जिला कलेक्टर, विदिशा के आदेश का पालन नहीं किया गया। आदेशानुसार वाहन चालकों एवं क्लीनरों का थाना से चरित्र सत्यापन कराना आवश्यक था, किंतु इसका पालन न करने पर थाना शहर में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं थाना हैदरगढ़ सुप्रीम कॉन्वेंट स्कूल बागरोद ड्राइवर द्वारा स्कूल वेन को लापरवाही पूर्वक चलाई गई, जिससे वैन पलट गई और उसमें सवार 15-16 बच्चों की जान जोखिम में पड़ गई।



## बजरंग दल की जिला बैठक में चर्चा



**गंजबासौदा।** स्थानीय बालाजी नगर स्थित विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यालय में युवा शाखा बजरंग दल की जिला बैठक रखी गयी। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग दल के मध्य भारत प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ्य युवाओं में है कल का भारत कैसा होगा ये आज का युवा तय कर सकता है इसलिए बजरंग दल के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रवाद का बीजारोपण करना है तभी तो हमारा देश भविष्य में भी विरोधी तिकतों से लडने के लिए तैयार रहेगा। विभाग संयोजक सचिन यादव ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर कारसेवा में बलिदान हुतात्माओं की स्मृति में 30 अक्टूबर से 2 नंबंबर के बीच हुतात्मा दिवस पर प्रतिवर्ष बजरंग दल रक्तदान और रक्त परीक्षण शिविर आयोजित करता है जिससे की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रक्त सहायता मिलती है। बैठक का संचालन विहिप जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने किया तथा संगठनात्मक वृत्त बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य ने लिया। इस अवसर पर विहिप प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख सत्यम दुबे बावली, जिला कार्यालय प्रमुख केशव सिंह हाड़ा, बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाहा सहित सभी 10 प्रखंडों की बजरंग दल टोली उपस्थित रही।

## त्रिपुर सुंदर घाट पर मनाई डोल ग्यारस

**सिरोंज।** जल झूलनी एकादशी के अवसर पर पचकुइयां स्थित कपित्थ गंगा केथन नदी पर स्थित त्रिपुर सुंदरी घाट पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों के डोले बैठकर भगवान जल बिहार करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर सनातन संस्कृति के इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय नगरपालिका परिषद ने त्रिपुर सुंदरी घाट,हनुमान घाट सहित संपूर्ण परिसर को सुंदर बनाने के साथ की गई आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने तथा स्थानीय नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष मनमोहन साहू ने नगर की उन्नति प्रगति की कामना करते हुए घाट पर स्नान पूजन करने पहुंचे सभी विमानों में विराजे ठाकुर जी को अमनिया भेंट की। इस दौरान नगर निरीक्षक विमलेश राय,नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू तथा स्वच्छता अधिकारी धीरज मैना देर रात तक संपूर्ण आयोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। सनातन संस्कृति के इस आयोजन को को ओर अधिक भव्यता प्रदान करने के लिए इस बार केथन नदी में भगवान श्रीनाथ जी एवं गोवर्धन पर्वत हाथ में उठाए गिरिराज जी को नौका बिहार कराते हुए आकर्षक झांकी सजाई गई।



## नर्मदापुरम में भी डायल 112 पर मिलेगी मदद



**नर्मदापुरम।** 100 डायल के स्थान पर अब 112 डायल करना होगा... तब पुलिस आपकी मदद के लिए मौके पर पहुंचेगी। नर्मदापुरम में भी यह सुविधा लागू हो चुकी है। नर्मदापुरम पुलिस कप्तान गुरकरण सिंह ने पुलिस लाइन से 21 नए वाहन को हरी झंडी लगाकर जिले के थानों में रवाना किया है।डायल 100 से अपग्रेड होकर अब डायल 112 है। डायल-112, डायल-100 का उन्नत संस्करण, जो अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया जीएसटी सुधारों का स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने अपने द्वारा लम्बे समय से की जा रहीं मांगों के अनुरूप जीएसटी काउंसिल द्वारा 12 और 28 प्रतिशत के स्लेब समाप्त करने और जीवनोपयोगी सामानों पर जीएसटी दर शून्य करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, मध्यभारत प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक भटनागर ने भारत सरकार की ग्राहक हितेषी नीतियों का आभार मानते हुए बताया कि ग्राहक हितेषी बाजार व्यवस्था हमारा लक्ष्य है और हम इस दिशा में अपने सुझाव समय-समय पर सरकार के समक्ष रखते रहे हैं। आज जीएसटी काउंसिल ने हमारे सुझाव माने और ग्राहकों को राहत प्रदान की है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष विवेक भटनागर ने बताया कि भारत सरकार के इस लोक कल्याणकारी कदम के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धन्यवाद ज्ञापित करती है और भविष्य में ऐसी ही अपेक्षा करती है।

## जनसुनवाई: आवेदनों का मौके पर किया निराकरण

### नपाध्यक्ष ने सुनीं लोगों की समस्याएं, पेयजल व्यवस्था कराने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नपा में होने वाली जनसुनवाई में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान करीब 10-12 आवेदन आए जिनका त्वरित समाधान किया गया। जिसमें नाली सफाई, सड़क से अतिक्रमण हटाने, कोठी बाजार सब्जी बाजार में लाइट लगवाने तथा पेयजल की व्यवस्था करने के संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी के निर्देश पर जनसुनवाई शुरू की गई है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए नगरपालिका द्वारा यह व्यवस्था की गई है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। श्री सोनी ने बताया कि आज नपाध्यक्ष यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें वार्ड 23 के सुंदरलाल पिता शिवलाल द्वारा गरीबी रेखा के राशन कार्ड में नाम सुधरवाने, वार्ड 13 के नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग की गई। वार्ड 15 की बाढ़ पीड़ित कालोनी की मायाबाई पति संतोष द्वारा अपनी सास का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन दिया था जिसके तत्काल बनवाकर दिया गया। वहीं कोठी बाजार के सब्जी विक्रेता दुर्गेश कहार, कोमल कीर, लालू यादव मोंटी रैकवार द्वारा सड़क से अतिक्रमण हटाने, सब्जी बाजार में लाइट लगाने के लिए आवेदन दिया। सभी आवेदन पर नपाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में वार्ड नंबर 19 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया, वार्ड 09 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण बैस, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, वार्ड 26 के पार्षद राहुल गौर, नपा के उपयंत्री,अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बजट व जमीन की कमी, टाइगर रिजर्व में कैसे बढ़ेंगे बाघ

**विशाल रजक,तेंदूखेड़ा**

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में जन्में चार शावकों को मिलाकर वर्तमान में रिजर्व में कुनबा बढ़कर 25 के करीब पहुंच गया है, जो अगले 5 सालों में 50 के पार पहुंचने की उम्मीद है। अब टाइगर अपनी-अपनी टेरेटरी भी बनाने लगे हैं, ऐसे में जंगल के बीच बसे गांव के लोगों को खतरा बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भी विस्थापन की प्रक्रिया में तेजी नहीं आ रही है। जंगल में बसे 96 गांवों में से पिछले 12 साल में महज 42 गांव ही विस्थापित हो सके हैं। इसके बाद 55 राजस्व व वन ग्राम का विस्थापन होना अब भी बाकी है। गांवों के विस्थापन में कभी बजट का अभाव रहा तो कभी जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई। पिछले 2 साल में प्रयास हुए तो 17 गांव विस्थापित हो गए। जैसे-जैसे गांव जंगल से बाहर हो रहे हैं उस मान से बाघ वंश वृद्धि भी हो रही है सबसे पहले 2008 में आफ्रीकन चीतों को बसाने के लिए नौरादेही को चिन्हित किया गया था, जिसके चलते 2012-13 में ही यहां विस्थापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। उस दौरान 72 गांव विस्थापित होने थे। नौरादेही में चीते तो नहीं आ सके,



लेकिन 2018 में यहां बाघ-बाघिन का जोड़ा आ गया। टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र बढ़ा और विस्थापित होने वाले गांव की संख्या 96 हो गई। विस्थापन के लिए दो विकल्प रखे गए हैं। पहला विस्थापितों को मुआवजा और दूसरा जमीन के बदले जमीन। ज्यादातर लोगे पहले विकल्प को चुन रहे हैं। पहले बजट आवंटन में देरी हुई। जिससे विस्थापन अटका रहा। पूर्व के अफसरों ने विस्थापन को लेकर रुचि नहीं ली

**पहली बार आया बाघ:** टाइगर रिजर्व में विभाग करीब पांच साल पहले सफारी शुरू कर चुका था, लेकिन बहुत कम ही ऐसे लोग होंगे जिन्हें सफारी के दौरान टाइगर नजर आया हो। बाघों की संख्या बढ़ने के बाद अब वह अपनी-अपनी टेरेटरी बनाने बाहर निकलने लगे हैं। करीब दो माह पहले ही पहली बार दिन के समय बाघ टाइगर रिजर्व के बीच से निकले रहली-जबलपुर मार्ग पर मुहली गांव के पास राहगीरों को सड़क पार करते हुए बाघ नजर आया था

**क्षेत्रफल में 7वें स्थान पर:** तीन जिलों दमोह सागर व नरसिंहपुर में फैला वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा व देश में सातवें स्थान पर है। यहां का कुल क्षेत्रफल 2339 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें 1414 वर्ग किलोमीटर कोर एरिया और 925 वर्ग किलोमीटर में बफर जोन है।

**8 गांव के विस्थापन की तैयारी:** पटना मुहली, देवलपानी, मानेगांव राजस्व ग्राम, मानेगांव वन ग्राम, हांडीकाट, बोमा राजस्व व बोमा वनग्राम और दमोह का नारीखेड़ा गांव को विस्थापन का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसमें सबसे बड़ा पटना मुहली गांव है। चीतों को बसाने के लिए जिस क्षेत्र को चिन्हित किया गया है, उसके बीच में ही पटना मुहली गांव बसा हुआ है। विभाग के अनुसार इस गांव के लोग खुद भी विस्थापित करने की मांग कर रहे हैं।

## उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय में 70 पदों की भर्ती, आवेदन 15 तक




**उज्जैन, दोपहर मेट्रो**

शहर के विक्रम विश्वविद्यालय में विभिन्न अध्ययनशालाओं और विभागों में लगभग 150 पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए केवल 70 पदों पर ही अतिथि विद्वानों की भर्ती के लिए सूचना जारी की गई है। ये सूचना 23 जनवरी को हुई कार्यपरिषद की बैठक के निर्णय के आधार पर निकाला गया है और आवेदन प्रक्रिया 15 सितंबर तक चलेगी। विश्वविद्यालय ने 25 विभागों में अतिथि विद्वानों की आवश्यकता बताई है। सबसे अधिक पद कृषि (15), विधि (10) और फार्मेसी (09) विभागों में हैं। इसके अलावा अंग्रेजी, वाणिज्य, प्रबंधन, रसायन विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विदेशी भाषा, योग विज्ञान, फूड टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, भारत अध्ययन केंद्र सहित कई विभागों में सीमित संया में अतिथि विद्वानों की मांग की

**मेट्रो एंकर** सांदीपनि स्कूल के मैदान पर 8 सितंबर से प्रारंभ होगी राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता

# खिलाड़ियों की मार्चपास्ट रैली का शहरवासी करें स्वागत : उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आगामी 8 सितंबर से शहर के सांदीपनि विद्यालय मैदान पर प्रारंभ होने वाली 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा के मुख्यातिथ्य में अनुविभाग के सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं व्यवस्था में लगने वाले शिक्षा विभाग के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के दस संभागों के खिलाड़ी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, खेल विभाग, हमारे ओर पूरे शहरवासियों के विश्वास पर हमारे सिरोंज में आ रहे हैं। ऐसे में उनकी ठहरने, भोजन, सुरक्षा तथा अन्य सुविधा संबंधी श्रेष्ठतम व्यवस्थाएं करना हम सबका परम कर्तव्य है। केवल विधायक के नाते नहीं बल्कि एक खेल प्रेमी के नाते, शहर के नागरिक के नाते स्वयं भी इस आयोजन की चिंता कर रहा हूं तथा आप सभी आयोजन समिति के सदस्यों सहित नगर की सभी निजी संस्थाओं से भी आग्रह करता हूं कि नगर में आयोजित होने वाले आयोजन को गरिमा देकर अपने सिरोंज का नाम मध्यप्रदेश के पटल पर अंकित करवाने में सहयोग करें।

इस दौरान उन्होंने शहर के सभी हायर सेकेंड्री स्कूल संस्थाओं,सामाजिक संस्थाओं तथा आम नागरिकों से 8 सितम्बर को प्रतियोगिता के शुभारंभ होने वाले दिन शहर में सभी टीमों द्वारा निकलने वाले मार्च पास्ट का भव्य स्वागत करने की अपील भी की। बैठक में नगर के विद्यालयों से पूर्व में खेलने वाले छात्र छात्राओं से उनके अनुभव भी विधायक ने सुनकर आने वाली समस्याओं को जाना। स्टेट लेवल पर हाकी खेल चुकी दीपिका अहिरवार ने अपने अनुभव सुनाते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल मैदान पर ले जाने के लिए बस की व्यस्तता समय हो इसके साथ जहां खिलाड़ी बच्चे रुकते हैं वहां अनेक स्थानों पर शौचालय गंदे होते हैं एवं भोजन भी गुणवत्तापूर्ण नहीं रहता।

विधायक शर्मा ने बताया कि हमने शहर के चिन्हित स्थलों पर खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था बनाई है। लेकिन सभी का सकारात्मक रूप से सहयोग मिले तथा खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जाए।



### टूर्नामेंट के लिए 20 समितियों का गठन

ईशान इंटरनेशनल स्कूल के संचालक अक्षत गर्ग ने बताया कि जो भी खिलाड़ी प्रतियोगिता में खेलने सिरोंज आएंगे उनको ईशान इंटरनेशनल स्कूल द्वारा सनातन संस्कृति द्वारा परंपरागत रूप स्वागत भी किया जाएगा। आयोजन के लिए व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए खेल शिक्षक जमशेद खान ने बताया कि हमने राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बीस समितियों का गठन किया है जिसमें करीब 120 सदस्यों को शामिल किया हैं। इस अवसर पर बैठक में प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सोनू डावर, बीओ उमेश सोनी, सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार, सहित शासकीय शालाओं के प्राचार्य,वरिष्ठ समाजसेवी नागरिकगण उपस्थित रहे।

# ओंकारेश्वर डैम के 21 गेट खुले, जलस्तर बढ़ा



**खंडवा, दोपहर मेट्रो**

बंगाल की खाड़ी में एक साथ सक्रिय हुए दो सिस्टमों के चलते खंडवा समेत कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश के कारण ओंकारेश्वर डैम का जलस्तर बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को नदी किनारे या जल भराव वाले क्षेत्रों में न जाने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही चेतावनी जारी की गई है कि, अगले कुछ घंटों में नर्मदा का जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। ऐसे में निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है।खतरे के निशान से ऊपर जा रहे डैम के जल स्तर को मद्देनजर रखते हुए गुरुवार की दोपहर 3 बजे ओंकारेश्वर बांध के 21 गेट दो मीटर तक खोले गए हैं। इससे नर्मदा नदी में लगभग 11,973 क्यूमेक्स पानी छोड़ने की योजना बनाई गई है।

# जानवर को बचाने में पुलिया से गिरी कार

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**



ग्राम खराड़ी में एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। धामनोद से महेश्वर लौट रहे एक दंपत्ति की कार, कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार दम्पति , शैलेंद्र परिहार और उनकी पत्नी पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार महेश्वर निवासी शैलेंद्र परिहार अपनी पत्नी के साथ धामनोद के डीपीएस स्कूल में आयोजित पेरेंट्स मीटिंग से अपनी मित्र की गाड़ी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान, लगातार बारिश के कारण सड़क पर फिसलन थी। अचानक, एक कुत्ता सड़क पार करते हुए उनकी कार के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए शैलेंद्र ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे कार पर से उनका नियंत्रण हट गया और वह पुलिया के किनारे से सीधे नीचे जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और बारिश के पानी से भरे गड्ढे में फंसी हुई थी। ग्रामीणों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू कर दिया।

## लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन, लगाया आरोप

# वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर बनाई गई है प्रदेश और केंद्र में सरकार: भूपेंद्र मुहासा

**सागर, दोपहर मेट्रो**

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण भूपेंद्र सिंह मुहासा के नेतृत्व मे वोट चोर गद्दी छोड़ पदयात्रा एवं प्रदर्शन का किया गया। जिसमें सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करने का आह्वान किया।

पदयात्रा नरयावली विधानसभा क्षेत्र के रजाखेड़ी बजरिया से सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरंभ होकर, कांग्रेसियों के साथ मकरोनिया चौराहा,वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर समाप्त हुआ जहां भाजपा सरकार के द्वारा निर्वाचन आयोग के माध्यम से की जा रहीं वोट चोरी के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि इस समय मध्यप्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर बनाई सरकार है। निर्वाचन आयोग स्वतंत्र इकाई होने के बाद भी निष्पक्ष और ईमानदारी से काम नहीं कर रहा है। मुहासा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने और लोकतंत्र की स्थापना कांग्रेस ने ही की थी, भाजपा नें लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुए हमलेऔर लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आवाज उठाना था ।





## प्रदर्शन में ये लोग रहे शामिल

ज्ञापनों का वाचन ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुर्मी, पार्षद सीमा चौधरी एवं शैलेन्द्र तोमर नें किया।पदयात्रा एवं प्रदर्शन का संचालन संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर ने तथा शामिल हुए लोगों के प्रति आभार जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने व्यक्त किया।प्रदर्शन में घनश्याम सिंह , शहर अध्यक्ष महेश जाटव, मनोज कपूर , अभिषेक यादव , डॉ. आनंद अहिरवार, प्रभुसिंह ठाकुर, हर्ष यादव,सुरेंद्र चौधरी , सुनील जैन,तरबर लोधी, नारायण प्रजापति , रेखा चौधरी,नीरज शर्मा ,ज्योति पटेल,राजकुमार घनोरा, विजय लोधी, ऋचा सिंह ठाकुर, सहित कांग्रेसी कार्यकर्त्ता प्रदर्शन मे शामिल हुए।

# फसल बीमा नहीं देने पर कलेक्टर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**सागर, दोपहर मेट्रो**



फसल बीमा भुगतान के बकाया 70 हजार रुपए जमा नहीं कराने पर उपभोक्ता आयोग ने कलेक्टर संदीप जी आर के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कियाहै। इसकी सूचना मिलने पर गुरुवार को बाकी राशि जमा कराने पर सहमति हो गई। किसान संग्राम सिंह से बताया कि बीमा के बाकी रुपए मिल गए हैं, हमने समझौते पर दस्तखत भी कर दिए हैं।

मामले में जिला उपभोक्ता आयोग की डबल बेंच आर के कोष्ठा और अनुभा वर्मा ने 28 अगस्त को सागर कलेक्टर को यह वारंट जारी किया। इसमें लिखा कि विपक्षी को जारी वारंट से उपस्थित किया जाए। इससे पहले बार-बार जमानती वारंट जारी किए जा रहे थे। प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित होकर वसूली की राशि अगली पेशी पर जमा करने की बात कहकर तारीख ले लेते थे। अगली तारीख पर वह उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसी के चलते ये कार्यवाही की गई। मामले में अगली सुनवाई 26 सितंबर को तय की गई है।

किसान नरेंद्र सिंह, संग्राम सिंह और रविंद्र सिंह फसल बीमा परिवाद दायर करने सिंह और रविंद्र सिंह के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला राहतगढ़ तहसील के पीपरा गांव का है। साल 2009 में फसल बीमा से संबंधित परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में लगाया था। अपील के बाद मामले का निराकरण राज्य आयोग में हुआ। साल 2014 में जिला उपभोक्ता आयोग ने कलेक्टर को राशि देने का आदेश दिया था। राशि की वसूली के संबंध में मामला 2017 से विचाराधीन है। अधिवक्ता सिंह ने बताया कि पूर्व में भी मामले को लेकर वारंट जारी हो चुके हैं। लेकिन बीमा की राशि जमा नहीं की गई। सिंह ने बताया कि सागर कलेक्टर को सागर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ। वारंट जारी होने पर अधिकारी हरकत में आए और करीब 4 लाख रुपए की राशि न्यायालय के समक्ष जमा की गई। बाकी 70 हजार रुपए की राशि जमा नहीं हुई थी। यह राशि जमा करने के लिए अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। इस कारण कलेक्टर संदीप जीआर को फिर गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# देवरी नपाध्यक्ष नेहा को हटाए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**हाईकोर्ट ने जैन को वापस रखने के निर्देश देकर अगले आदेश तक लगाई रोक**

**सागर, दोपहर मेट्रो**



जिले की देवरी नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा अल्केश जैन को पद से हटाने के मामले में हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश शासन के 11 दिन पुराने फैसले पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा यह स्पष्ट है याचिकाकर्ता जो नगर पालिका देवरी की अध्यक्ष हैं, उन्हें यूं ही नहीं हटाया जा सकता। याचिकाकर्ता के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को सख्ती से सिद्ध किया जाना चाहिए। जांच रिपोर्ट केवल यह दर्शाती है कि कि याचिकाकर्ता द्वारा लगाए गए वित्तीय अनियमितताओं और गबन के आरोप सिद्ध नहीं हो पाए । जांच अधिकारी द्वारा इन्हें सिद्ध नहीं पाया गया। जांच अधिकारी ने उल्लेखित किया है एयर कंडीशनर की खरीद संदिग्ध पाई गई है। इसलिए संदेह चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो? वह प्रमाण का स्थान नहीं ले सकता।

हाई कोर्ट ने जैन को वापस रखने के निर्देश देकर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को निर्देश दिए हैं कि वे याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई तक नगर पालिका देवरी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने की अनुमति दें। राज्य के वकील को रिट याचिका पर विस्तृत उत्तर दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है। मामले को चार सप्ताह बाद विचारार्थ सूचीबद्ध करने को भी कोर्ट ने कहा है। 6 दिन पहले सरिता आगामी आदेश तक बनीं थी अध्यक्ष नेहा को हटाने के बाद 29 अगस्त को सरिता जैन को देवरी नगर पालिका को अध्यक्ष आगामी आदेश तक के लिए शासन ने बनाया था।

**इंदौर में बोले जीतू पटवारी**

# आइडीए सबसे बड़ा भूमाफिया, कांग्रेस सरकार आते ही लैंड पुलिंग एक्ट खत्म करेंगे

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर में वोट कर गाड़ी छोड़ रैली के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए तल्ख तेवर में कहा है कि इंदौर का आइडीए सबसे बड़ा भूमाफिया है। कांग्रेस सरकार आते ही लैंड पुलिंग एक्ट खत्म करेंगे। किसानों की जमीनों में खेल करने वालों को जेल में डालेंगे। वहीं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा, भाजपा ने वोट चोरी कर सरकार बनाई। जनता हकीकत जान चुकी है, अब आगे से भाजपा इस तरह से सरकार नहीं बना पाएगी। इस मौके पर जीतू पटवारी ने कहा कि नए बच्चे पब में जा रहे हैं। वहां क्या हो रहा है, सबको को मालूम है। मेरा पुतला जलाने से कुछ नहीं होगा। मैं तो कहता हूं कि मेरा पुतला नहीं मुझे जला दो, लेकिन इंदौर में नशा बंद कर दो। इन्होंने आगे कहा, राऊ में चुनाव के ढाई महीने पहले 42 हजार वोट चोरी हो गए। ऐसे ही देशभर में वोट चोरी की जा रही है। इसके अलावा गुना में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने शक्ति प्रदर्शन किया।



# गैर के हाथ में पत्नी का देखा टैटू, पति ने कर ली आत्महत्या

**मुरैना।** अंबाह क्षेत्र के वार्ड सात स्थित बिहार कॉलोनी निवासी एक युवक ने पत्नी के चरित्र पर संदेह होने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीते एक सितंबर की सुबह छह बजे संतोष शर्मा ( 40 ) पुत्र रामशंकर शर्मा निवासी वार्ड सात स्थित बिहार कॉलोनी के गले व सीने में दर्द हुआ तो उसको इलाज के लिए पत्नी व उसका प्रेमी मुकेश कुशवाह निवासी बरेह अंबाह से जिला अस्पताल मुरैना ले गया, जहां चिकित्सक ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद उसकी पत्नी व प्रेमी ग्वालियर ले गए। वहां भी मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पीएम कराया गया तो पृथम दृष्टया जहर से मौत होने की बात सामने आई। पुलिस को शक हुआ और मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी मुकेश कुशवाह से पूछताछ की और उनके मोबाइल चेक किए तो स्पष्ट हो गया कि मृतक की पत्नी व आरोपी मुकेश कुशवाह के बीच संबंध हैं और दोनों एक दूसरे से प्रेम करते हैं। उनके मोबाइल में दोनों के बीच चैट भी होती थी। मोबाइल से चैट व ऑडियो भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# दतिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती में फर्जीवाड़ा

**दतिया, दोपहर मेट्रो**



जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायका भर्ती में फर्जीवाड़ा किया गया है। घालमेल की हकीकत तब सामने आई जब की गई नियुक्तियों में लगाए गए दस्तावेजों का दावे-आपत्तिकर्ताओं ने संबंधित विभागों से सत्यापन कराया। चयन समिति ने सत्यापन कराए बिना नियुक्तियां कर दीं।

दतिया शहर एवं ग्रामीण के अलावा इंदरगढ़, भाण्डेर एवं सैवढ़ा क्षेत्र के लिए 3 जून 2025 को की गई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के बाद 6 अगस्त से दावा आपत्ति लिए गए। जिले भर में 42 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 228 सहायकाओं की भर्ती की गई है। उन भर्तियों के लिए गठित चयन समिति की कारगुजारी पर सवाल उठने शुरु हो गए हैं। दरअसल दस्तावेजों के सत्यापन की गंभीरता को अनदेखा किया गया है। एक अविवाहित आवेदक को विवाहित बताकर नौकरी दे दी गई। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा ऐसी आवेदिकाओं की नियुक्तियां भी उनके फर्जी बीपीएल कार्ड के पांच-पांच अंक देकर कर दी गई हैं। दतिया जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायका भर्ती में फर्जीवाड़ा किया गया है। घालमेल की हकीकत तब सामने आई जब की गई नियुक्तियों में लगाए गए दस्तावेजों का दावे-आपत्तिकर्ताओं ने संबंधित विभागों से सत्यापन कराया। चयन समिति ने सत्यापन कराए बिना नियुक्तियां कर दीं। इस मामले की अब बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

## आदिवासी बहुल्य गांवों में आजादी से लेकर अब तक नहीं है बस सुविधा

# सड़कें हैं, लेकिन परिवहन सुविधाएं न होने से 50 से अधिक गांवों के लोग दस किलोमीटर पैदल सफर कर पकड़ते हैं बस

**तेंदूखेड़ा/दमोह, दोपहर मेट्रो**

कहते हैं कि सड़कें विकास के द्वार खोलती हैं, लेकिन सड़कें हों और आवागमन के साधन न हों तो किसी भी तरह के विकास की उम्मीद बेमानी है तेन्दूखेड़ा ब्लॉक दो दर्जन से अधिक गांवों की पीड़ा ऐसी ही कुछ है जहां आने-जाने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत अन्य योजनाओं से सड़कें तो बन गईं, लेकिन वाहनों की कमी से गांवों की आबादी का सफर अब भी अधूरा और मुश्किल भरा है। ऑटो, मैजिक, बाइक, साइकिल ही कईयों का सहारा है तो कई परिवार नगर मुख्यालय या फिर हाईवे तक पैदल जाने दशकों से मजबूर हैं।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र तेंदूखेड़ा व जबेरा ब्लॉक में 50 से अधिक ऐसे गांव हैं, जहां बस पकड़ने के लिए अपने गांव से 10 किमी तक का सफर पैदल, बाइक या ऑटो से तय करना पड़ता है। कई गांवों की दूरी 15 से 20 किमी तक बताई जा रही है, जहां पैदल या स्वयं की बाइक ही उपलब्ध है, यहां पर ऑटो भी नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि सड़क मार्ग बेहतर हैं। फिर भी ग्रामीण मजबूर हैं। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इमलीडोल जो नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी दूर वनांचल में स्थित है लेकिन यहां पर आजादी के बाद से अभी तक बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है। यहां के ग्रामीण दो पहिया वाहन या फिर पैदल ही तेंदूखेड़ा बस स्टैंड पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के जरिए गांव में पक्की सड़क बनी हुई है। ग्रामीण रजनी बाई, मंगल सिंह, मिही लाल, गैंदाबाई बताती हैं कि गांव तक बस नहीं आती हैं। जिनमें इमलीडोल, नयागांव, हाथीडोल, जरुआ गांव शामिल हैं इसके अलावा ब्लॉक के सहजपुर, पाड़ाझिर, चंदना, पलवा, जामुनखेड़ा, बेलवाड़ा, खमरिया, अजीतपुर, जामुन, चंदना, हर्रई जैसे दर्जनों गांव हैं। जहां के ग्रामीणों को पैदल सफर करके या तो बस स्टैंड से बस पकड़ना पड़ती है या फिर मैन रोड पर आकर बसों का इंतजार करना पड़ता है



## बीमार हो जाएं तो बढ़ी समस्या

सड़कें पक्की, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल तेंदूखेड़ा ब्लॉक में बड़ी विडंबना यह है कि सड़कें तो पक्की हैं लेकिन इन सड़कों पर चलने के लिए सबसे सुलभ व सुरक्षित बस का साधन नहीं है। जिसका विपरीत असर शिक्षा व स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शिक्षा के मामले में बालिका शिक्षा प्राइमरी, बहुत से बहुत मिडिल स्तर तक रुक रही है वहीं स्वास्थ्य की स्थिति खराब है, यदि कोई गंभीर बीमार हो जाए और वह साधनविहीन है तो उसे पैदल सफर तय करना पड़ेगा तब जाकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी

## विवाह में आती है दिक्कत

जिन गांवों में बसों का संचालन नहीं हो रहा है, उन गांव के लड़के-लड़कियों के विवाह में अड़चन आती हैं। अधिकांश रिश्ते इसलिए टूट जाते हैं कि जहां बस स्टॉप है, वहां से गांव की दूरी 6 किमी से लेकर 20 किमी तक पड़ती है। यदि स्वयं का साधन है तो ठीक नहीं तो ऑटो या पैदल ही साधन है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **(1) निविदा सूचना क्र.:** डबल्यूसीआर-सीआरडबल्यूएस-बीपीएल-ईएल-टी-2025-07, **दिनांक:** 30.8.2025, **कार्य का नाम:** दो वर्ष की अवधि वर्ष 2025-26 एवं 26-27 हेतु एसी कोचों में ओजोन द्वारा रोबोटिक एसी डक्ट की सफाई और स्टरलाइज़ेशन का कार्य। **कार्य की लागत:** ₹ 69,83,224.32/- **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00 **धरोहर राशि:** ₹ 1,39,700/- **बिडिंग प्रणाली:** सिंगल पैकेट प्रणाली **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 22.09.2025, 15:15 बजे तक **निविदा खुलने की तिथि:** 22.09.2025, 15.15 बजे। **(2) निविदा सूचना क्र.:** डबल्यूसीआर-सीआरडबल्यूएस-बीपीएल-ईएल-टी-2025-08, **दिनांक:** 29.8.2025, **कार्य का नाम:** वर्ष 2025-26 एवं 26-27 हेतु सी.आर.डबल्यू.एस./भोपाल में पीओएच शेड्यूल के दौरान एल.एच.बी एसी एवं नॉन एसी इलेक्ट्रिकल मॉडिफिकेशन कोचों का कार्य। **कार्य की लागत:** ₹ 5,36,22,074.75/- **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00 **धरोहर राशि:** ₹ 4,18,100/- **बिडिंग प्रणाली:** टू पैकेट प्रणाली **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 22.09.2025, 15:00 बजे तक **निविदा खुलने की तिथि:** 22.09.2025, 15.00 बजे। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)

मुख्य कारखाना प्रबन्ध
सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना,
प.म.रे.,निशातपुरा, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### यानिक सिनर : कोर्ट पर जीत, स्क्रीन पर लैला

# वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस प्लेयर का असली 'लव-शॉट' वायरल

**नई दिल्ली , एजेंसी**

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस प्लेयर यानिक सिनर ने भले ही यूएस ओपन-2025 के चौथे दौर का टिकट कटा लिया हो, लेकिन मैच से ज्यादा चर्चा हुई उनके फोन की ! हां, कोर्ट पर शॉट्स से ज्यादा हॉट निकली उनकी लॉक स्क्रीन, जिसने फैन्स की नब्जों को हाई स्पीड पर ला दिया।

मैच जीता तो तालियां बजीं... लेकिन असली पटाखा, तो तब फूटा ,जब सिनर ने फोन उठाया। जैसे ही उन्होंने लॉक स्क्रीन अनलॉक की, कैमरे ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया।पल भर में तस्वीर वायरल हुई और फैन्स ने स्कोर भूलकर स्क्रीनशॉट्स पर जूम करना शुरू कर दिया।।। और फिर खुलासा हुआ- स्क्रीन पर थी डेनिश मॉडल लैला हसनोविक की मोहक अदा। लैला कोई मामूली नाम नहीं हैं। 24 साल की यह मॉडल अपनी खूबसूरती और चार्म से किसी को भी क्लीन बोल्ड कर सकती हैं। वह पहले एफ-1 स्टार मिक शूमाकर के दिल की रेस जीत चुकी हैं। और अब लगता है कि टेनिस के 'लाल बालों वाले इटैलियन राजकुमार' सिनर पर उनका जादू चल रहा है।

वैसे भी, विम्बलडन और फ्रेंच ओपन में लैला को सिनर के बॉक्स में मुस्कुराते और तालियां बजाते देखा गया था। फ्रेंच ओपन फाइनल में जब सिनर अल्कारेज से हार रहे थे, तब भी लैला के चेहरे की स्माइल किसी लकी चार्म जैसी लग रही थी। लैला हसनोविक, जिनकी मंत्रमुग्ध करने वाली खूबसूरती और आकर्षण किसी का भी ध्यान खींच सकता है। वह पूर्व फॉर्मूला वन ड्राइवर मिक शूमाकर की पूर्व प्रेमिका हैं। इस साल की शुरुआत में, डेढ़ साल के भावुक रिश्ते के बाद उनका शूमाकर से ब्रेक अप हो गया था।



### फैन्स के मजेदार कमेंट्स

*अपनी गर्लफ्रेंड की फोटो वॉलपेपर पर लगाना = असली लव सेट प्वॉइंट! गुडबाय सिंगल सिनर, अब तो ये सिर्फ लैला के हैं! न्यूयॉर्क में कहीं, अल्कारेज तकिए में चुपचाप सुबक रहा होगा।*

**सिनर खुद मिस्ट्री मैन**| सिनर हमेशा अपनी निजी जिंदगी पर रहस्यमय पर्दा डालते आए हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा भी, हां, मैं प्यार में हूं, लेकिन ज्यादा बताना नहीं चाहता। अब भला इससे ज्यादा टीजर और क्या चाहिए! इटैलियन पत्रकारों ने तो दावा किया कि उन्हें कोपेनहेगन में लैला के साथ रोमांटिक डेट पर देखा गया, लेकिन सिनर ने शरारती मुस्कान के साथ जवाब दिया- नहीं-नहीं, वहां तो मैं फोटोशूट के लिए गया था।

### डेटिंग हिस्ट्री भी कम दिलचस्प नहीं

सिनर का नाम पहले रूसी टेनिस स्टार अन्ना कालिंस्काया और मॉडल लारा लेइतो से जुड़ चुका है। अन्ना ने तो ऑस्ट्रेलियाई स्टार निक किर्गियोस का भी दिल हिला दिया था, और लारा तो हॉलीवुड एक्टर एड्रियन ब्रॉडी की एक्स रही हैं। यानी सिनर हमेशा पेज-3 हॉट लिस्ट में रहे हैं।

### कोर्ट बनाम दिल

फिलहाल, सिनर क्वार्टर फाइनल में हमवतन लोरेंजो मुसेटी से भिड़ने की तैयारी में हैं। उनका टारगेट है- पिछले साल का खिताब बचाना। लेकिन फैन्स का कहना है- चाहे खिताब आए या ना आए, सिनर ने तो दिल पहले ही जीत लिया हैज और वो भी लैला के जलवों के साथ !

---

### राजतिलक की करो तैयारी

## एशिया कप में जौहर दिखाने दुबई पहुंचे सूर्या के लड़ाके



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और हेड कोच गौतम गंभीर नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप 2025 के लिए दुबई पहुंच चुके हैं। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए। इससे पहले मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भी उनकी तस्वीरें सामने आईं थीं।

**छोटे-छोटे बैच में पहुंचे खिलाड़ी-** परंपरा के विपरित इस बार सारे खिलाड़ी मुंबई में इकट्ठे नहीं हुए बल्कि अलग-अलग शहरों से छोटी-छोटी टुकड़ी में दुबई पहुंचे। कप्तान सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर शिवम दुबे, बैटिंग कोच सितांशु कोटक, हार्दिक पंड्या दुबई पहुंचने वाली पहली बैच के खिलाड़ी रहे। हर्षित राणा, कुलदीप यादव, रिंकू सिंह और अभिषेक शर्मा सरीखे प्लेयर्स की टुकड़ी दुबई पहुंचने वाला दूसरा जत्था था। इसके कुछ देर बाद हेड कोच गौतम गंभीर भी दुबई एयरपोर्ट पर नजर आए।

### 10 को यूएई से तो 14 को पाक से मैच

आपको याद हो कि भारत अपने अभियान की शुरुआत यूएई के खिलाफ 10 सितंबर से करेगा और उसके बाद 14 सितंबर को दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में भिड़ेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से हो रही है। एशिया कप 2025 का आधिकारिक मेजबान भारत ही है।

---




### एशिया कप में भारतीय हॉकी टीम का दमदार प्रदर्शन जारी...

# अब मलेशिया को दी करारी शिकस्त

**राजगीर , एजेंसी**

बिहार के राजगीर में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है. अब भारतीय टीम ने 4 सितंबर (गुरुवार) को सुपर-चार के अपने दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 4-1 पराजित किया. भारत की ओर से मनप्रीत सिंह (17वें मिनट), सुखजीत सिंह (19वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (24वें मिनट) और विवेकसागर प्रसाद (38वें मिनट) ने गोल दागे. वहीं मलेशिया की ओर से इकलौता गोल शफीक हसन ने किया. टीम इंडिया अब फाइनल में पहुंचने के करीब है. अब भारतीय टीम सुपर-चार के अपने आखिरी मुकाबले में 6 सितंबर (शनिवार) को चीन का सामना करेगी. इस मुकाबले में मलेशियाई टीम ने शानदार शुरुआत की और खेल के दूसरे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली, जब शफीक हसन ने भारतीय डिफेंडर्स को छकाते हुए बेहतरीन फील्ड गोल किया. भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में बराबरी की कोशिश की, लेकिन वो कामयाब नहीं हो सकी. फिर दूसरा क्वार्टर पूरी तरह भारतीय टीम के नाम रहा.

दूसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के सहारे गोल दागकर भारत को बराबरी दिलाई. फिर कुछ देर बाद सुखजीत सिंह ने फील्ड गोल करके भारत को 2-1 से आगे कर दिया. शिलानंद लाकड़ा भी दूसरे क्वार्टर में फील्ड गोल दागने में सफल रहे, जिससे स्कोर 3-1 हो गया. हाफटाइम तक यही स्कोर रहा.

### हरमनप्रती की अगुवाई में टीम अजेय

तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम हावी रही। इस क्वार्टर के 8वें मिनट में भारत की ओर से विवेकसागर प्रसाद ने शानदार फील्ड गोल किया। मलेशियाई टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वो गोलपोस्ट को नहीं भेद पाई। चौथा एवं आखिरी क्वार्टर काफी रोमांचक रहा, लेकिन उसमें एक भी गोल नहीं हुआ। ये मुकाबला भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के इंटरनेशनल करियर का 250वां मुकाबला रहा। जीत के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने अपने कप्तान को शानदार तोहफा दिया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अजेय रही है। भारत ने ग्रुप-स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीते थे। पहले उसने चीन को 4-3 से पराजित किया। फिर जापान को 3-2 से हराने के बाद भारतीय टीम ने कजाकिस्तान के खिलाफ 15-0 से बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम पूल-ए में पहले नंबर पर रही थी। इसके बाद सुपर-चार स्टेज में भारत का पहला मुकाबला साउथ कोरिया से हुआ, जो 2-2 से बराबरी पर छूटा। सुपर-चार स्टेज में भारत, साउथ कोरिया के अलावा मलेशिया को भी जगह मिली है। बाकी की चार टीमें जापान, चीनी ताइपे, बांग्लादेश और कजाकिस्तान सुपर-चार चरण के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं।

---

### विमेंस वनडे वर्ल्ड कप : कंगारू टीम का ऐलान

## एलिसा हीली कप्तानी करेंगी; 30 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। टीम की कप्तानी एलिसा हीली करेंगी। भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट का आगाज 30 सितंबर से होगा। डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम आठवां वनडे खिताब जीतने उतरेगी। टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहले भी वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं। ये प्लेयर्स 2022 में न्यूजीलैंड टूर्नामेंट का हिस्सा थीं।




वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलेना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिन्यूक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वॉल, जॉर्जिया वेयरहैम। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद 8 अक्टूबर को टीम कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का रोमांचक मुकाबला 22 अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा। यह दूसरा मौका होगा जब इंदौर विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले 1997 में भी इंदौर को इस टूर्नामेंट का एक मैच मिला था। सभी मैच दोपहर 3 बजे से खेले जाएंगे। पांच वेन्यू पर खेले जाएंगे मुकाबले ICC ने मुंबई को वर्ल्ड कप की मेजबानी का 5वां वेन्यू बनाया है। पहले बेंगलुरू 5वां वेन्यू था। टूर्नामेंट में 28 लीग और 3 नॉकआउट मैच होंगे। अपडेट शेड्यूल के अनुसार, मुंबई, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को मुंबई में होगा। फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई या कोलंबो में खेला जाएगा।

---

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## ट्रेडिशनल लुक में कहर ढाया भाग्यश्री ने, मुरीद हुए फैंस

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री को फिल्म मैंने प्यार किया से खास पहचान मिली। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह बेहद सुंदर और पारंपरिक लुक में नजर आ रही हैं। उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग उनकी जमकर तारीफ करते दिख रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में भाग्यश्री ऑफ व्हाइट कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इसके साथ रेड कलर का ब्लाउज पहना हुआ है, जिस पर सुनहरी कढ़ाई है। उनका मेकअप बहुत ही हल्का और नेचुरल है, जिससे उनकी असली खूबसूरती निखरकर सामने आ रही है। उनके लुक में मांग में लाल सिंदूर और माथे पर छोटी लाल बिंदी चार चांद लगा रही है। उन्होंने बालों में गजरा लगाया हुआ है, जो भारतीय महिलाओं के पारंपरिक लुक का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने बड़े-बड़े झुमके, हार और सुंदर कंगन भी पहने हुए हैं। वह इस लुक में कैमरे के लिए अलग-अलग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर उन्होंने फिल्म श्उत्सवश् का गाना श्मन क्यों बहका रे बहका आधी रात कोश् का इस्तेमाल किया। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, ओणम की शुभकामनाएं...



---

### निक के गाने पर प्रियंका को एतराज,

## प्यारी सी नोकझोंक का वीडियो वायरल

**अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हाल ही में फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में नजर आई थीं। इन दिनों वो अपने पति के साथ अमेरिका में हैं और छुट्टियों का लुत्फ उठा रही हैं। प्रियंका ने यहां से एक वीडियो शेयर कर अपने पति के गाने पर एतराज जताया, ऐसा क्यों, इसकी वजह भी उन्होंने बताई है। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा जोनस कमरे में बैठी थीं और इसी बीच उनके पति निक आते हैं और जोर-जोर से गाना गाने लगते हैं। उनके इसी अंदाज पर अभिनेत्री को एतराज है।**



इसका एक वीडियो शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, ÷क्या आप और जोर से गा सकते हैं?÷ वीडियो में निक जोनस ब्रदर्स का गाना बैकवर्ड्स। गाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं प्रियंका आराम से यूवी मास्क लगाकर बैठी हैं। पहले तो वो अपने पति को नजरअंदाज करने की कोशिश करती हैं, लेकिन बाद में जब वो तेज गाने लगते हैं, तो गुस्से से उठकर कमरे से बाहर चली जाती हैं। पति-पत्नी की प्यारी नोक-झोंक का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो से पहले प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर अफ्रीका में अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें साझा की थीं। तस्वीरों में अभिनेत्री अपनी छुट्टियों का आनंद लेते हुए, स्वादिष्ट भोजन खाते हुए, जिम में पसीना बहाते हुए और वन्यजीवों को अपने कैमरे में कैद करते हुए दिखाई दे रही थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो वह बहुत जल्द ।द ब्लफ। में एक समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी उनके पास सिटाडेल। का दूसरा सीजन भी है। इन सबके अलावा प्रियंका के पास एसएस राजामौली की एक फिल्म भी है। इसमें महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे हैं। इसे फिलहाल एसएसएमबी 29 कहा जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों पहले केन्या में हुई थी। उसके बाद दावा किया जाने लगा कि इसका बजट करीब एक हजार करोड़ रुपए है, मगर अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

---



## जीएसटी सुधारों से वाहनों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है: रिपोर्ट

### मेट्रो बाजार

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्ट्रक्चर में तीन स्लैब 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का बदलाव का फैसला ऑटोमोबाइल उद्योग और ग्राहकों के लिए फायदेमंद साबित होगा। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस उद्योग के सभी सेगमेंट में कीमतें 8.5 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी। क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, ÷इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) और हाइब्रिड वाहनों के मामले में, 1,200 सीसी से कम पेट्रोल या 1,500 सीसी से कम डीजल इंजन वाले एंट्री-लेवल हैचबैक, प्रीमियम हैचबैक, कॉम्पैक्ट सेडान और सब-कॉम्पैक्ट स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की कीमतों में लगभग 8.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इस बीच, 1,500 सीसी से कम क्षमता वाली बड़ी सेडान, कॉम्पैक्ट एसयूवी, मिड-एसयूवी और बहुउद्देश्यीय वाहनों (एमपीवी) की कीमतों में लगभग 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि 1,500 सीसी से अधिक इंजन वाली प्रीमियम एसयूवी और एमपीवी की कीमतों में लगभग 6.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी। आईसीई दोपहिया वाहनों के मामले में, एक को छोड़कर लगभग सभी श्रेणियों की कीमतों में लगभग 7.8 प्रतिशत की कमी आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 350 सीसी से अधिक इंजन वाले प्रीमियम दोपहिया वाहनों की कीमतों में लगभग 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

## रामदेव ने जीएसटी दरों में बदलाव पर पीएम को सराहा, कहा- इस फैसले से बढ़ेगा उत्पादन

हरिद्वार । जीएसटी की दरों में बदलाव के बाद योग गुरु बाबा रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की प्रशंसा की है। बाबा रामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कदम गरीब, किसान, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के जीवन में नई उम्मीद जगाने वाला है। हरिद्वार में मीडिया से बात करते हुए बाबा रामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को एक बड़ा तोहफा दिया है। इस फैसले से न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। आम लोगों की सेविंग बढ़ेगी और वे अपनी जरूरत की और भी चीजें आसानी से इस्तेमाल कर पाएंगे। बाबा रामदेव ने खास तौर पर इस पर खुशी जताई कि रोजाना इस्तेमाल की चीजें जैसे साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट और बिस्किट पर पहले 12 से 18 प्रतिशत तक जीएसटी था, जिसे घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इतना ही नहीं, बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी वस्तुओं पर जीएसटी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। घी और बटर जैसी डेयरी उत्पादों पर जीएसटी घटाकर शून्य से 5 प्रतिशत तक किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि तंबाकू और शराब जैसे जितने भी हानिकारक पदार्थ हैं, उनको 40 प्रतिशत के स्लैब में डाला गया है।



योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि जिस तरह भारत दुनिया की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री का %विकसित भारत% का जो सपना है, उस दिशा में देश आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से हम विश्व की आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने में भी समर्थ हो पाएंगे।

## चीन का अद्भुत लिंगपाइशी जिगजैग हाईवे



चीन के वूशी, चोंगकिंग में स्थित लिंगपाइशी जिगजैग हाईवे दुनिया के सबसे अनोखे और रोमांचक पहाड़ी मार्गों में से एक माना जाता है। महज 450 मीटर लंबे इस संकरे पहाड़ी रास्ते पर कुल 18 हेयरपिन मोड़ बने हैं, जिनमें से हर एक बिल्कुल 180 डिग्री के तीखे कोण पर स्थित है। यह सड़क देखने वालों को अपने अनोखे घुमावदार ढांचे और खड़ी ढलानों से हैरान कर देती है। स्थानीय लोग इसे इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना बताते हैं, जबकि पर्यटकों के लिए यह साहस और रोमांच से भरा एक अनोखा अनुभव प्रदान करती है। बेहद कठिन ड्राइविंग परिस्थितियों के बावजूद यह मार्ग चीन के वास्तु-कौशल क्षमता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक बन चुका है। यही कारण है कि यह जगह आज पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है।

### गोरखपुर के कार्यक्रम से बिहार चुनाव की राजनीति को साधने की कोशिश

# ईवीएम से विपक्ष जीते तो पुरुषार्थ, भाजपा जीते तो बेईमानी... योगी ने यूपी से साधा बिहार पर निशाना

**गोरखपुर, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये की विकास एवं निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर करारा हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि जब विपक्ष ईवीएम से जीतता है तो उसे पुरुषार्थ लगता है, लेकिन भाजपा जीते तो बेईमानी का आरोप लगाया जाता है। यह मानसिकता लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है। दरअसल, सीएम योगी गोरखपुर से बिहार के राजनीतिक मैदान को साधते नजर आए। बिहार में विशेष वोटर सर्वेक्षण को आधार बनाकर विपक्षी दलों की ओर से एक अलग माहौल बनाने की कोशिश की गई। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इसके विरोध में गुरुवार को बिहार बंद का आयोजन भाजपा की ओर से किया गया था। सीएम ने पूरे राजनीतिक घटनाक्रम को साधने की कोशिश की।



## सीएम ने बोला हमला

सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा कि ईवीएम से विपक्ष भी जीतता और भारतीय जनता पार्टी भी जीतती है। लेकिन, भाजपा की जीत पर विपक्षी दलों का नजरिया ही बदल जाता है। वे ईवीएम पर ही सवाल उठाने लगते हैं। सीएम ने कहा कि ईवीएम और वोटर लिस्ट पर सवाल उठाना केवल बहानेबाजी है। विपक्ष की ऐसी मानसिकता लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी के निशाने पर समाजवादी पार्टी रही। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली उनके संस्कार का हिस्सा था।

## 15 हजार युवाओं को रोजगार

सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का नतीजा है कि आज पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति और सुरक्षा के माहौल के कारण यूपी में निवेश की बाढ़ आई है। गीडा क्षेत्र में शुरू हुई नई औद्योगिक इकाइयों और परियोजनाओं से करीब 15 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसमें 700 करोड़ रुपये की लागत से लगने वाला कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट शामिल है, जिससे अकेले 1500 नौकरियां पैदा होंगी। इसके अलावा प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये के निवेश से नई यूनिटें स्थापित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि गीडा में अब तक औद्योगिक भूखंडों के आवंटन से 5903 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## विकसित यूपी का संकल्प

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है। इसमें उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा। विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प का मंत्र बनेगा। हर जनपद, हर निकाय और हर गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि विधानमंडल में हाल ही में लगातार 24-25 घंटे तक हुई चर्चा इसी विजन का हिस्सा है। अब हर जिले में बुद्धिजीवी जनता को जागरूक करेंगे और आम नागरिक भी क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव दे सकेंगे।

## भिवानी कोर्ट में शख्स को गोलियों से भूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के भिवानी जिले में कोर्ट परिसर में एक शख्स पर अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली चला दी। गोली लगने से शख्स गंभीर रूप से हालत हो गया, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। रोहित गोदारा गैंग ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा हरिया का साथ देने पर यही अंजाम होगा। पुलिस ने बताया कि वह व्यक्ति कुर्सी पर बैठा था। उसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। शख्स का हेल्थ अपडेट अब तक सामने नहीं आया है। भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि फिलहाल उसकी पहचान की जा रही है।

## मप्र सरकार और ओबीसी महासभा के वकीलों की मीटिंग, दो नामों का पैनल बनेगा

**दिल्ली, एजेंसी**

आगामी 23 सितंबर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ी याचिकाओं की होने वाली सुनवाई के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के गंभीर प्रयासों के परिणाम दिखने लगे हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने के बाद गत दिवस मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में मप्र शासन के अधिवक्ताओं एवं ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की ओर से मप्र शासन द्वारा नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए दो नामो का पैनल दो दिवस में देने की सहमति दी गई है।

बैठक में आगामी सुनवाई हेतु ओबीसी वर्ग के हितों के संरक्षण हेतु साझा पैरवी पर भी सकारात्मक



रूप से चर्चा हुई। बैठक में म.प्र. शासन के महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता श्री अनूप जोर्ज चौधरी, सीनियर एडवोकेट श्रीमती जून चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामेश्वर ठाकुर, श्री वरुण ठाकुर, श्री विनायक शाह, श्री शशांक रतनू, श्री रामकरण, श्री हनुमत लोधी सहित अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए।

## कारोबारी की आंखों में मिर्च झोंक लूटे 30 लाख

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के औद्योगिक शहर जमशेदपुर में लगातार दूसरे दिन अपराधियों ने लूटपाट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। शहर के बिष्टुपुर गुरुद्वारा इलाके में एक कारोबारी साकेत अग्रवाल से दिनदहाड़े 30 लाख रुपए लूट लिए गए। साकेत अग्रवाल यह रकम बैंक में जमा कराने जा रहे थे, तभी यह वारदात हुई। इस दौरान अपराधियों ने उन पर गोली भी चलाई, हालांकि साकेत बाल-बाल बच गए। ०बताया गया कि जमशेदपुर में हिन्दुस्तान यूनिलीवर की एजेंसी चलाने वाले साकेत अग्रवाल स्कूटी से बैंक जा रहे थे। रास्ते में दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और अचानक आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया।

## ट्रंप बोले-रूस-यूक्रेन जंग रोकने 'पुतिन से जल्द बात करूंगा'

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत करने की बात कही है। ट्रंप ने उसी दिन यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ भी बातचीत की थी।



छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान में कोई सफलता नहीं मिली है। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही पुतिन के साथ बात करेंगे। इससे पहले दिन में उन्होंने यूक्रेनी समकक्ष व्लोडिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत की थी।

गौरतलब है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठने के साथ ही साढ़े तीन से चल रही रूस-यूक्रेन जंग को रुकवाने की कसम खाई थी। हालांकि 6 महीने से अधिक वक्त बीत जाने के बाद भी ट्रंप को इसमें सफलता नहीं मिली है। जब ट्रंप ने पुतिन के साथ अलास्का में शिखर सम्मेलन किया था तो इस बात की उम्मीद जगी थी कि शायद सीजफायर या पूर्ण शांति समझौते पर बात बन जाए, लेकिन अभी भी कोई समझौता नहीं हो पाया है। रूस ने उल्टे यूक्रेन पर अपने हमलों को और तेज कर दिया है।

## बंगाल विधानसभा में टीएमसी और भाजपा विधायक भिड़े

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सत्ताधारी टीएमसी और विपक्षी बीजेपी के विधायक आपस में भिड़ गए। बंगाली प्रवासियों पर कथित अत्याचार से संबंधित एक सरकारी प्रस्ताव को लेकर चर्चा के दौरान हंगामा हुआ। ममता बनर्जी प्रस्ताव पर बोलने वाली थीं, तभी भाजपा विधायकों ने नारेबाजी कर दी। इससे माहौल गरमा गया। इस दौरान विधायक शंकर घोष की तबीयत खराब हो गई। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाना पड़ा है। शंकर घोष बंगाल बीजेपी के मुख्य सचेतक हैं। मुख्यमंत्री ने जैसे ही बोलना शुरू किया, बीजेपी विधायकों ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को 2 सितंबर को निलंबित किए जाने को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान



बनर्जी ने बीजेपी के मुख्य सचेतक शंकर घोष को दिनभर के लिए सदन से निलंबित कर दिया, लेकिन घोष ने सदन छोड़ने से इनकार कर दिया। उसके बाद मार्शल्स को बुलाया गया और उन्हें जबरन बाहर ले जाया गया। बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल को भी नारेबाजी करने के कारण निलंबित कर दिया गया।

## बिहार में दिवाली-छठ से पहले चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**दिल्ली, एजेंसी**

बिहार को दिवाली और छठ से पहले वंदे भारत ट्रेन की सुविधा मिलेगी। भारतीय रेलवे इसी महीने देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चला सकता है।



आराम, गति और नई टेक्नोलॉजी के साथ वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबी और मध्यम दूरी की यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है। यह नई ट्रेन देश में रेल यात्रा को और भी बेहतर बनाएगी। पिछले महीने, गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया था कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर सितंबर में आ रही है। हालांकि अभी तक इसकी तारीख की अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और कंफर्म भी नहीं है कि ये कब से शुरू होगी।

**मेट्रो एंकर**

### प्रोफेसर मातियो मग्गियोरी के अनुसार भारत और चीन के नए पेमेंट सिस्टम अमेरिका की ताकत को चुनौती दे रहे हैं

# चीन के साथ भारत की जोड़ी, अमेरिका की आर्थिक ताकत को देगी टक्कर!

**शंघाई, एजेंसी**

ट्रंप की टैरिफ नितियों की वजह से दुनियाभर में उथल-पुथल मची हुई है। वहीं, दूसरी ओर अब दो बड़े देश भारत और चीन आपसी सहमति से अमेरिका को जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। SCO शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत करते हुए नजर आए। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई और डॉलर के मुकाबले नए पेमेंट सिस्टम को बनाने की तैयारी में है।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मत्तेओ माज्जियोरी का कहना है कि भारत और चीन जैसे देश अब अपने पेमेंट सिस्टम बना रहे हैं, जो अमेरिका की ताकत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

**जियोइकोनॉमिक्स में दो बड़े सेक्टर्स:** उनका कहना है कि जियोइकोनॉमिक्स में देश अपनी आर्थिक ताकत का इस्तेमाल दूसरों पर दबाव बनाने के लिए करते हैं। इसके लिए वे निर्यात को कंट्रोल, टैरिफ और प्रतिबंध जैसे हथियारों का उपयोग करते




हैं। आपको बता दें कि दुनिया में जब बड़े-बड़े देश अपनी ताकत बढ़ाने के लिए व्यापार और वित्त का इस्तेमाल करते हैं तो इसे ही 'जियोइकोनॉमिक्स' कहा जाता है।

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम कई देशों के लिए बढ़िया ऑप्शन

इस सिस्टम से दुनिया भर में पैसों का लेन-देन होता है। लेकिन अब भारत और चीन अपने अलग पेमेंट सिस्टम बना रहे हैं ताकि वे अमेरिका के दबाव से बच सकें। भारत ने अपना इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम बनाया है, जो इतना अच्छा है कि पड़ोसी देश भी इसे अपनाने की सोच रहे हैं। अगर कोई देश पश्चिमी सिस्टम से कट जाता है, तो भारत का सिस्टम उनके लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को मजबूत करना जरूरी:** तकनीक में सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन भी बहुत जरूरी है। ये सेमीकंडक्टर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए जरूरी हैं। अमेरिका डिजाइन में आगे है, लेकिन इसका फार्मेशन ज्यादातर ताइवान में होता है। चीन भी इस सेक्टर में अपनी ताकत बढ़ा रहा है। मत्तेओ माज्जियोरी के अनुसार, अगर कोई देश इन क्षेत्रों में मजबूत हो जाता है, तो वह दूसरों पर हावी हो सकता है। भारत अभी इस मामले में पीछे है, लेकिन उसकी स्किल और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था उसे भविष्य में मजबूत बना सकती है।

## जियोइकोनॉमिक्स में मजबूत बन रहा भारत

मत्तेओ माज्जियोरी का मानना है कि अगर अमेरिका अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल करता है, जैसे कि अपने सहयोगी देशों पर भी दबाव डालता है, तो लोग उस पर भरोसा करना बंद कर देंगे। इससे दुनिया में छोटे-छोटे गठबंधन बन सकते हैं, जो अमेरिका को बाहर रख सकते हैं। भारत इस मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में चीन में हुए एक समिट में भारत की सक्रियता दिखी। भारत रूस से तेल आयात कर रहा है और अपने पेमेंट सिस्टम को बढ़ा रहा है। ये कदम भारत को जियोइकोनॉमिक्स में मजबूत बना रहा हैं। अमेरिका के टैरिफ युद्ध ने भी दुनिया को बदल दिया है। मत्तेओ माज्जियोरी कहते हैं कि इससे दुनिया कई हिस्सों में बंट सकती है। अगर भारत और चीन का पेमेंट सिस्टम दुनिया के 10% लेन-देन को भी कवर कर लेता है, तो ये अमेरिका की ताकत के लिए बड़ा झटका होगा। छोटे देशों के लिए इतना ही ऑप्शन काफी है। भारत की बढ़ती ताकत और नया पेमेंट सिस्टम भविष्य में दुनिया के आर्थिक स्थिति बदल सकते है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022